# मासिक जी.के. डाइजेस्ट

अगस्त 2022





# मंथली डाइजेस्ट

## अगस्त-2022

**प्रिय पाठकों,**

यह मंथली डाइजेस्ट अपडेट "अगस्त-**2022**" में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। इस फ़ाइल आगामी **बैंकिंग, एसएससी, रेलवे परीक्षा** और **साक्षात्कार** के लिए महत्वपूर्ण है।

### बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

1. जुलाई 2022 के लिए सरकार द्वारा **1,48,995 करोड़ रुपये** सकल GST एकत्र किया गया।
   **नोट:** यह माल एवं सेवा कर लागू होने के बाद अब तक का दूसरा सबसे बड़ा संग्रह है। जुलाई 2022 का राजस्व जुलाई 2021 के 1,16,393 करोड़ रुपये के राजस्व से 28% अधिक है। CGST 25,751 करोड़ रुपये, SGST 32,807 करोड़ रुपये, IGST 79,518 करोड़ रुपये (माल के आयात पर संग्रहित 41,420 करोड़ रुपये सहित) और उपकर 10,920 करोड़ रुपये (माल के आयात पर संग्रहित 995 करोड़ रुपये सहित) है।
2. **इंडसइंड बैंक** ने पूर्णतया कागज रहित ऋण प्रक्रिया पेश करने के लिए Rupyy के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की।
   **नोट:** डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म 'Rupyy' जयपुर स्थित गिरनारसॉफ्ट प्राइवेट लिमिटेड (जो कारदेखो, बाइकदेखो, जिगव्हील्स आदि जैसे ब्रांड का आश्रय है) की एक फिनटेक शाखा है। यह साझेदारी इंडसइंड बैंक के वाहन ऋण के दस्तावेजीकरण तथा त्वरित प्रसंस्करण को आसान बनाएगी। इंडसइंड बैंक के ग्राहक अब 'Rupyy' पर लेन-देन करते समय लचीले पुनर्भुगतान विकल्पों का चयन कर सकते हैं।
3. NPCI द्वारा जुलाई 2022 में **6 बिलियन** यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) लेन-देन दर्ज किए गए।
   **नोट:** यह वर्ष 2016 में इसकी स्थापना के बाद से अब तक का उच्चतम है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, UPI ने 6.28 बिलियन लेनदेन दर्ज किए हैं, जिनका मूल्य 10.62 ट्रिलियन रुपये है। महीने-दर-महीने, लेनदेन की मात्रा में 7.16% तथा मूल्य में 4.76% की वृद्धि हुई।
4. **IRDAI** ने बीमा कंपनियों के लिए मनी लॉन्ड्रिंग रोधी नियमों और आतंकवाद-रोधी वित्तपोषण कार्यक्रम संबंधी दिशा-निर्देशों में संशोधन किया है।
   **नोट:** दिशानिर्देशों को समेकित तथा अद्यतित करने के लिए जारी किए गए नियम 2013 से जारी मिश्रित मानदंडों को प्रतिस्थापित करते हैं। 1 नवंबर, 2022 से कोई भी जीवन, सामान्य या स्वास्थ्य बीमाकर्ता मनी लॉन्ड्रिंग नियमों के अनुपालन में किसी भी छूट का दावा नहीं कर सकता है।
5. MSME को मजबूत करने के लिए **SVC को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड** ने भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) के साथ साझेदारी की।
   **नोट:** समझौते के अनुसार, SIDBI, MSME को बेहतर ऋण प्रवाह प्रदान करने के लिए SVC बैंक को पुनर्वित्त सुविधा प्रदान करेगा। समझौते पर आशीष सिंघल (SVC बैंक, MD) और संजीव गुप्ता (SIDBI, GM) ने मुंबई में हस्ताक्षर किए। SIDBI, MSME क्षेत्र के संवर्धन, वित्तपोषण एवं विकास के लिए प्रमुख वित्तीय संस्थान है।
6. **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** ने अपनी प्रमुख HR पहल 'प्रेरणा' के एक भाग के रूप में पहली पुरुष-केंद्रित समिति 'एम्पावर हिम' की शुरुआत की।

**नोट:** उद्देश्य: कर्मचारियों के करियर को बढ़ावा देना और मौजूदा व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक चुनौतियों को पहचानकर उनका समाधान करके बैंक की विविधता में सुधार करना। यह समिति महिला-केंद्रित समिति 'एम्पावर हर' की पूरक होगी, जिसे बैंक द्वारा जुलाई 2022 में लॉन्च किया गया था।

7. पिछले पांच वित्तीय वर्षों अर्थात 2017-18 से 2021-22 तक बैंक द्वारा **10 लाख करोड़ रुपये** राशि के ऋण बट्टे खाते में डाले गए हैं।

   **नोट:** 2,02,781 करोड़ रुपये (2020-21) की तुलना में प्रत्याहरित (बट्टे खाते) राशि घटकर 1,57,096 करोड़ रुपये (2021-22) हो गई है। 2019-20 में भी प्रत्याहरित राशि 2,36,265 करोड़ रुपये से घटकर 2,34,170 करोड़ रुपये हो गई। वाणिज्यिक बैंकों तथा वित्तीय संस्थानों ने 5 करोड़ रुपये तथा उससे अधिक के कुल ऋण जोखिम वाले सभी कर्जदारों की ऋण सूचना RBI को दी है।

8. वित्तीय समावेशन (FI) सूचकांक मार्च 2021 में 53.9 से बढ़कर मार्च 2022 में 56.4 हो गया, यह **भारतीय रिजर्व बैंक** द्वारा तैयार किया गया है।

   **नोट:** यह देश भर के सभी क्षेत्रों में विकास दर्शाता है।वित्तीय समावेशन सूचकांक देश भर में वित्तीय समावेशन की सीमा को अधिकृत करने के लिए तैयार किया गया था। क्षेत्र: बैंकिंग, निवेश, बीमा, डाक, पेंशन क्षेत्र। यह सूचकांक बिना किसी आधार वर्ष के तैयार किया गया है, और हर वर्ष जुलाई में प्रकाशित किया जाता है।

9. सरकार ने माल एवं सेवा कर (GST) व्यवस्था के तहत 1 अक्टूबर, 2022 से अनिवार्य कारोबार सीमा को 20 करोड़ रुपये से घटाकर **10 करोड़ रुपये** कर दिया।

   **नोट:** उद्देश्य: उच्च लेन-देन मात्रा का डिजिटलीकरण, बिक्री प्रतिवेदन में पारदर्शिता, त्रुटियों एवं असंतुलन को कम करना, डेटा प्रविष्टि कार्य को स्वचालित करना तथा अनुपालन में सुधार करना। ई-चालान (इलेक्ट्रॉनिक बिलिंग) की शुरुआत अक्टूबर 2020 में की गई थी।

10. **SEBI** ने बाजार डेटा पर सलाहकार समिति पुनर्गठित की, जो प्रतिभूति बाजार डेटा पहुंच एवं गोपनीयता से संबंधित नीतिगत उपायों की सिफारिश करती है।

    **नोट:** बाजार डेटा सलाहकार समिति में अब 20 सदस्य (पहले 21 सदस्य) होंगे। SEBI ने NSE के पूर्व MD एवं CEO, विक्रम लिमये की जगह NSE के वर्तमान प्रमुख, आशीष कुमार चौहान को नियुक्त किया। समिति के अध्यक्ष राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एस. साहू हैं।

11. वर्तमान रेपो दर **5.40%** है, जिसमें RBI द्वारा 50 आधार अंकों की वृद्धि की गई है।

    **नोट:** स्थायी जमा सुविधा दर को 5.15%, MSF तथा बैंक दर को संशोधित करके 5.65% कर दिया। कारण: मुद्रास्फीति के दबाव को नियंत्रित करना। RBI के अनुसार, आगामी वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही के लिए वास्तविक GDP वृद्धि 6.7% रहने का अनुमान है। 2022-23 के लिए GDP विकास पूर्वानुमान 7.2% कायम रखा। भारत का भंडार वैश्विक स्तर पर चौथा सर्वाधिक है।

12. स्वास्थ्य बीमा कंपनी लिमिटेड **निवा बूपा** ने अपने ग्राहकों को आश्वस्त करने के लिए स्मार्ट हेल्थ+ डिजीज मैनेजमेंट राइडर शुरू किया।

    **नोट:** बीमा व्याप्ति: यह पहले दिन से मधुमेह, उच्च रक्तचाप तथा संबंधित जटिल समस्याओं के लिए कवरेज प्रदान करता है। यह त्रैमासिक स्वास्थ्य जांच की सुविधा देता है। यह स्वस्थ जीवन शैली के प्रबंधन में स्वास्थ्य बीमा नवीनीकरण प्रीमियम पर 20% तक की छूट भी प्रदान करता है।

13. आयकर विभाग के TIN 2.0 प्लेटफॉर्म पर अपने पेमेंट गेटवे प्लेटफॉर्म को सूचीबद्ध करने वाला पहला बैंक **फेडरल बैंक** है।

    **नोट:** TIN 2.0 प्लेटफॉर्म 1 जुलाई, 2022 को लॉन्च किया गया था। यह "पेमेंट गेटवे" करदाताओं को एक अन्य भुगतान विकल्प प्रदान करके सक्षम बनाया गया है। इससे करदाता अब क्रेडिट/डेबिट कार्ड, UPI,

NEFT/RTGS तथा इंटरनेट बैंकिंग का उपयोग करके अपना भुगतान कर सकते हैं।

14. **इंडसइंड बैंक** ने भुगतान एवं ऋण समाधान में ग्राहक मूल्य प्रस्तावों को लॉन्च करने के लिए M2P फिनटेक के साथ साझेदारी की।

    **नोट:** बैंक एनालिटिक्स समर्थित M2P की अत्याधुनिक तकनीक का लाभ उठाएगा। उद्देश्य: भुगतान तथा ऋण प्रदान करने में अति वैयक्तीकृत पेशकश करना। M2P पूर्णतया समर्थ API इन्फ्रास्ट्रक्चर है। यह बैंक को उनकी कोर बैंकिंग प्रणाली (CBS) के ऊपर नवीन उत्पादों/अनुभवों को विकसित करने में सक्षम बनाता है।

15. **इंश्योरेंस देखो** ने एक अनूठा डॉग हेल्थ कवर पेश करने के लिए फ्यूचर जनरली इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के साथ साझेदारी की है।

    **नोट:** यह डॉग हेल्थ इंश्योरेंस प्लान कुत्तों की 25 से अधिक नस्लों के लिए व्यापक कवरेज प्रदान करता है। कुत्ते की आयु: छह महीने से 10 वर्ष तक। प्रीमियम: 324 रुपये वार्षिक। यह बीमा कुछ नियमों एवं शर्तों के अधीन, इस पालतू जानवर के पालकों द्वारा अस्पताल में भर्ती होने, लाइलाज बीमारी के उपचार तथा सर्जरी पर किए गए खर्चों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

16. बंधन बैंक ने अपना पहला करेंसी चेस्ट **दीदारगंज, पटना** में खोला।

    **नोट:** यह बैंक का अब तक का पहला करेंसी चेस्ट है। यह शहर में शाखाओं तथा ATM के लिए नकदी प्रबंधन में मदद करेगा। यह करेंसी चेस्ट लोगों, MSME तथा छोटे व्यापारियों को बैंक शाखाओं तथा ATM को आवश्यकता पड़ने पर करेंसी नोटों की आपूर्ति करने में मदद करेगा। करेंसी चेस्ट से बैंक शाखाओं को भंडारण में भी लाभ होगा।

17. RBI और जीवन बीमा कंपनियों (LIC) ने गैर-वित्तीय संस्थानों तथा गैर-विनियमित संस्थाओं को IDBI बैंक में **40%** प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी रखने की अनुमति देने के केंद्र के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है।

    **नोट:** इसके अलावा, एक रणनीतिक विनिवेश प्रक्रिया के माध्यम से ऋणदाता को 51 से 74% के बीच हिस्सेदारी बेचने की अनुमति दी। एक सुनियोजित विनिवेश के माध्यम से, सरकार और LIC का इरादा ऋणदाता की 51-74% हिस्सेदारी को बेचने का है।

18. **आंध्र प्रगति ग्रामीण बैंक (APGB)** ने राज्य में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (MSME) को बेहतर ऋण प्रवाह की सुविधा के लिए भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

    **नोट:** APGB ने 2006 में बैंकिंग परिचालन शुरू किया। यह बैंक ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि एवं स्वयं सहायता समूहों को ऋण प्रदान करता है। SIDBI देश में MSME पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने में एक सक्षमकर्ता के रूप में प्रमुख भूमिका निभा रहा है।

19. एक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग संभवत: **10-11%** CAGR से विकसित होकर वित्त वर्ष 2027 तक 500-530 बिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है।

    **नोट:** ऐसा इसकी मजबूत कृषि पृष्ठभूमि तथा इसकी प्रगति में सहायक कई अनुकूल प्रवृत्तियों के कारण है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत एक वैश्विक कृषि महाशक्ति के रूप में उभरा है। अब यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कृषि उत्पादक है, जो अनाज, दालें, फल एवं सब्जियां, चीनी तथा दूध के उत्पादन में अग्रणी है।

20. **भारतीय रिजर्व बैंक** द्वारा वित्तीय सेवाओं की आउटसोर्सिंग पर जल्द ही मसौदा दिशानिर्देश जारी करेगा।

    **नोट:** मसौदा मानदंड, जिसका शीर्षक 'RBI (वित्तीय सेवाओं की आउटसोर्सिंग में जोखिम तथा आचार संहिता का प्रबंधन) निर्देश, 2022' होगा, शीघ्र ही जनता की टिप्पणियों तथा प्रतिक्रिया के लिए जारी किया जाएगा। संशोधित मानदंड क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, स्थानीय क्षेत्र के बैंकों, AIFI, CIC और गैर-

अनुसूचित भुगतान बैंकों को शामिल करने के निर्देश विषय-क्षेत्रों का विस्तार करेंगे।

21. नेत्र अस्पताल **डॉ. अग्रवाल्स आई हॉस्पिटल्स** ने पुणे में पांच नेत्र अस्पतालों का अधिग्रहण करके महाराष्ट्र में अपनी मौजूदगी प्रबल की।

    **नोट:** अग्रणी आई केयर चेन ने घोषणा की कि उसने प्रभुदेसाई नेत्र क्लीनिक (कोथरुड); ग्लोबल आई केयर क्लीनिक (पिंपरी चिंचवाड़ और सांगवी); ओम आई केयर (विमन नगर और विश्रांतवाड़ी) का अधिग्रहण किया है, ये सभी वर्षों से पुणे में प्रतिष्ठित आई केयर सेंटर रहे हैं। आई केयर चेन अब देश तथा विदेश में 118 नेत्र अस्पताल का संचालन करती है।

22. **रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर** के बोर्ड ने संस्थागत बिक्री के आधार पर 400 मिलियन डॉलर, 5 प्रतिशत असुरक्षित विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बॉन्ड (FCCB) के निर्गमन को अधिकृत किया।

    **नोट:** FCCB की शर्त के अनुसार, FCCB प्रत्येक कंपनी के 10 रुपये के इक्विटी शेयरों में 123 रुपये (113 रुपये के प्रीमियम सहित) प्रति इक्विटी शेयर में परिवर्तनीय होंगे। बॉन्ड की अवधि दस वर्ष होगी। 1,000,000 डॉलर का प्रत्येक FCCB 7.94 करोड़ रुपये के बराबर है।

23. RBI ने क्रेडिट जानकारी प्रस्तुत करने संबंधी मानदंडों के उल्लंघन के लिए बेंगलुरु स्थित जुपिटर कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड पर **82 लाख रुपये** जुर्माना लगाया।

    **नोट:** RBI ने धोखाधड़ी के वर्गीकरण तथा प्रतिवेदन पर निर्देशों के उल्लंघन के लिए इंडियन बैंक पर भी 32 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। जोखिम मूल्यांकन रिपोर्ट, निरीक्षण रिपोर्ट तथा सभी संबंधित पत्र-व्यवहार की जांच से पता चला कि इंडियन बैंक, RBI निर्देश, 2016 के कुछ प्रावधानों का उल्लंघन कर रहा था।

24. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) ने **पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार के.वी. सुब्रमण्यम के** अध्यक्षता में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (FPI) सलाहकार समिति गठित की।

    **नोट:** उद्देश्य: देश में विदेशी प्रवाह को बढ़ाना। अन्य सदस्य: विदेशी बैंकों, स्टॉक एक्सचेंज निक्षेपागार तथा RBI के प्रतिनिधित्वकर्ता। समिति FPI के लिए उपलब्ध निवेश मार्गों की समीक्षा करेगी और नए निवेश मार्गों की व्यवहार्यता पर सलाह देगी।

25. **मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड** ने मैक्स लाइफ स्मार्ट सिक्योर इजी सॉल्यूशन लॉन्च किया, जो जीवन, गंभीर बीमारी एवं विकलांगता तथा आकस्मिक दुर्घटना कवर की व्यापक थ्री-इन-वन सुरक्षा है।

    **नोट:** इसमें जीवन की अनिश्चितताओं से व्यापक सुरक्षा के लिए स्व-नियोजित व्यक्तियों, वेतनभोगी तथा अन्य पेशेवरों को शामिल किया गया है। उद्देश्य: जीवन में किसी भी अनिश्चितता की स्थिति में आकस्मिक दुर्घटना कवर का विकल्प और मैक्स लाइफ क्रिटिकल इलनेस एवं डिसेबिलिटी हेल्थ राइडर से वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना।

26. AD श्रेणी-II के रूप में **न्यूनतम दो वर्ष** पूरे होने के बाद, सभी अनुसूचित स्मॉल फाइनेंस बैंक (SFB) अधिकृत डीलर (AD) श्रेणी- I लाइसेंस के पात्र हो सकते हैं।

    **नोट:** स्मॉल फाइनेंस बैंकों के लिए पात्रता मानदंड: **।** बैंक को RBI अधिनियम 1934 की दूसरी अनुसूची में शामिल किया जाना चाहिए। इसकी न्यूनतम निवल संपत्ति 500 करोड़ रुपये होनी चाहिए। इसका CRAR 15% से कम नहीं होना चाहिए। बैंक का निवल NPA 6% (पिछली चार तिमाहियों) से अधिक नहीं होना चाहिए।

27. **अमेरिकन एक्सप्रेस** ने लघु से मध्यम आकार के व्यवसायों के लिए अपना सीमा पार भुगतान मंच 'ग्लोबल पे' लॉन्च किया।

    **नोट:** यह एक डिजिटल समाधान के रूप में काम करेगा जो अमेरिकी व्यवसायों के लिए सुरक्षित घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय B2B भुगतान सुनिश्चित बनाएगा। इसके अलावा, पात्र ग्राहक विदेशी मुद्रा भुगतान पर रिवॉर्ड प्वाइंट अर्जित कर सकते हैं। ग्लोबल पे

अमेरिका में सभी पात्र अमेरिकन एक्सप्रेस लघु व्यवसाय कार्ड सदस्यों के लिए उपलब्ध है।

28. **इंडियन बैंक** ने 'IND स्प्रिंग बोर्ड' लॉन्च करने के लिए एसआरएम यूनिवर्सिटी-एपी के हैचलैब रिसर्च सेंटर, TBI के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

**नोट:** यह स्टार्ट-अप तथा MSME के वित्तपोषण के लिए एक पहल है। बैंक एसआरएम हैचलैब में इनक्यूबेट स्टार्ट-अप को उनकी कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं के लिए 50 करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। यह आंध्र प्रदेश राज्य में अपनी तरह का अनूठा समझौता है।

29. **PNB हाउसिंग फाइनेंस** ने पात्र ग्राहकों को 9-12 लाख रुपये के किफायती आवास ऋण प्रदान करने के लिए अपने 'उन्नति' ऋण पोर्टफोलियो को नया रूप दिया।

**नोट:** PNB हाउसिंग ने 'उन्नति' के अंतर्गत एक छोटा वर्टिकल बनाया है जो किफायती आवास ऋण के रूप में मौजूदा 18-19 लाख रुपये से अलग होगा।जून तिमाही में PNB HFC पहले ही 10 और शाखाएं खोल चुका है।

30. **IDFC FIRST बैंक** ने स्टार्टअप्स (संस्थापकों तथा निवेशकों) को विशिष्ट उत्पाद तथा समाधान प्रदान करके स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में सहायता हेतु लेट्स वेंचर्स के साथ साझेदारी की।

**नोट:**IDFC फर्स्ट बैंक अपने FIRST WINGS कार्यक्रम के अंतर्गत स्टार्ट-अप को विशेष समाधान प्रदान करता है। इसके साथ, यह IDFC फर्स्ट बैंक को लेट्स वेंचर्स स्केलिक्स पर सभी स्टार्टअप का पसंदीदा बैंकर बनाता है। लेट्स वेंचर्स स्केलिक्स हाल ही में लॉन्च एक नया प्लेटफ़ॉर्म है जो स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र का समर्थन करता है।

31. एक्सिस बैंक एक्सिस रिसीवेबल्स सूट (ARS) लॉन्च करने वाला पहला भारतीय बैंक बना।

**नोट:** उद्देश्य: प्राप्य राशियों के पुनर्सामन्जस्य को सरल बनाता है, नकदी प्रवाह को बढ़ाता है, ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाता है तथा व्यवसाय की कार्य लागत को कम करता है। ARS ग्राहकों द्वारा जारी बिक्री चालानों के सामने प्राप्य राशि के पुनर्सामन्जस्य को स्वचालित करने का एक एंड-टू-एंड प्रस्ताव है। ग्राहकों के लिए लाभ: भुगतानों के बारे में जानें, प्राप्य राशियों पर वास्तविक समय नियंत्रण।

32. कॉर्पोरेट ग्राहकों के लिए डिजिटल सेवाओं के अन्वेषण हेतु **यस बैंक** ने IBSFINtech (ट्रेजरीटेक सॉल्यूशन प्रदाता) के साथ समझौता किया।

**नोट:** यह साझेदारी एक मजबूत निर्णय-निर्धारण उपकरण तथा स्वचालित कार्यप्रवाह के साथ कॉर्पोरेट कोषागार पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करेगी। यह कॉर्पोरेट ERP (एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग) और बैंक समाधानों के बीच संबद्धता प्रदान करेगा।

33. ग्राहकों के लिए डिजिटल ऋण देने संबंधी व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के लिए **RBI** ने नियामक रूपरेखा जारी की ।

**नोट:** RBI ने अनिवार्य किया है कि डिजिटल ऋण किसी तृतीय पक्ष को दिए बिना सीधे ऋण ग्राहियों के बैंक खातों में जमा किए जाने चाहिए। ऋण मध्यस्थता प्रक्रिया में परिदाय सेवा प्रदाताओं को देय कोई भी शुल्क, खर्च का भुगतान सीधे विनियमित संस्थाओं द्वारा किया जाएगा, न कि ऋणग्राही द्वारा। ऋण ग्राही की स्पष्ट सहमति के बिना ऋण सीमा में स्वत: वृद्धि निषिद्ध है।

34. **रूपी को-ऑपरेटिव बैंक** का लाइसेंस भारतीय रिजर्व बैंक ने निरस्त कर दिया।

**नोट:** कारण: बैंक अपने वर्तमान जमाकर्ताओं को पूर्ण भुगतान (पूंजीगत अपर्याप्तता) करने में असमर्थ है। यह बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 56 सहित धारा 11(1) एवं धारा 22 (3)(d) के उपबंधों का अनुपालन नहीं करता है। बैंक के जमाराशियों की स्वीकार्यता तथा पुनर्भुगतान जैसे 'बैंकिंग' कार्य करने पर भी रोक लगा दी गई है।

35. भारत के छोटे शहरों तथा कस्बों में व्यापारी ऋण वितरण का विस्तार करने के लिए **पेटीएम** ने पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस के साथ साझेदारी की।

**नोट:** इससे व्यापारी 6-24 महीने की अवधि के लिए 10 लाख रुपये तक का ऋण प्राप्त कर सकते हैं। यह डिजिटल ऋण तक पहुंच में छोटे शहरों तथा कस्बों के MSME को सशक्त बनाएगा। पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस, पीरामल एंटरप्राइजेज लिमिटेड की सहायक कंपनी है।

**36.** भारतीय स्टेट बैंक की आर्थिक शोध रिपोर्ट "इकोरैप" के अनुसार, भारत का आवास ऋण बाजार अगले 5 वर्षों में **दोगुना** बढ़ने की उम्मीद है।

**नोट:** इसका मूल्य वर्तमान में लगभग 24 लाख करोड़ रुपये है और इसके दोगुना (48 लाख करोड़ रुपये) होने की उम्मीद है। 'बैंक क्रेडिट' में 'आवास ऋण' की हिस्सेदारी मार्च 2020 के 13.1% से बढ़कर जून 2022 में 14.4% हो गई। टियर-3 तथा टियर-4 क्षेत्रों में FY22 में कुल आवास ऋण पोर्टफोलियो 10% बढ़ गया, जो टियर-1 तथा टियर-2 जिलों की तुलना में अधिक है।

**37.** कोटक महिंद्रा बैंक ने 'कोटक क्रीमे' नामक एक खाता शुरू किया है। इस खाते को **वेतन खाता** श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है।

**नोट:** यह खाता बहुराष्ट्रीय कंपनियों, खुदरा, विधिक फर्मों, यूनिकॉर्न आदि में काम करने वाले अपने ग्राहकों को एक उन्नत अनुभव प्रदान करेगा। खाता भारत में सभी कॉरपोरेट्स के लिए उपलब्ध होगा तथा जीवन शैली, यात्रा, स्वास्थ्य सेवा, भोजन, कौशल तथा अधिगम अनुभवों में कई विशेषाधिकार तथा रिवार्ड प्रदान करेगा।

**38.** जुलाई 2022 में खुदरा मुद्रास्फीति -- **6.71%।**

**नोट:** मुख्यत: खाद्य एवं पेय पदार्थ वर्ग में कीमतों में कमी के कारण मुद्रास्फीति में कमी आई। हालांकि, खुदरा मुद्रास्फीति का स्तर दोनों ओर 2% के मार्जिन के साथ 4% के अनिवार्य स्तर से ऊपर रहता है। CPI-आधारित मुद्रास्फीति या खुदरा मुद्रास्फीति: किसी अवधि में मूल्य सूचकांक में परिवर्तन।

**39.** बांग्लादेश में भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (IVAC) का संचालन और दो वर्ष बढ़ाने के लिए **भारतीय स्टेट बैंक (SBI)** ने ढाका में भारतीय उच्चायोग के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

**नोट:** IVAC कुछ अतिरिक्त सेवाएं जैसे ऑनलाइन फॉर्म भरना तथा फॉर्म जमा करना, स्लॉट बुकिंग और मोबाइल ऐप लॉन्च करने की सुविधा शुरू करेगा। ढाका में IVAC केंद्र में एक प्रियोरिटी लाउंज का भी उद्घाटन किया गया।

**40.** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI) ने **HDFC बैंक** का विलय HDFC लिमिटेड के साथ करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

**नोट:** प्रस्तावित विलय के पहले चरण में HDFC लिमिटेड के साथ HDFC इन्वेस्टमेंट्स तथा HDFC होल्डिंग्स के विलय तथा बाद में HDFC लिमिटेड के HDFC बैंक में विलय की परिकल्पना की गई है। विलय के लाभ: व्यापार पैमाने में बढ़ोत्तरी, नई उत्पाद श्रृंखला, एक मजबूत बैलेंस शीट; असुरक्षित ऋण में कमी। HDFC लिमिटेड के अध्यक्ष: दीपक पारेख

**41.** भुगतान समाधान प्रदाता **रेजरपे** दुनिया की शीर्ष 100 निजी क्लाउड कंपनियों की रैंकिंग में 2022 फोर्ब्स क्लाउड 100 सूची में शामिल होने वाली पहली भारतीय कंपनी बनी।

**नोट:** फोर्ब्स द्वारा बेसेमर वेंचर पार्टनर्स और सेल्सफोर्स वेंचर्स के साथ साझेदारी में रैंकिंग प्रकाशित की गई है। रेजरपे दूसरी बार सूची में शामिल हुई और फाइनेंशियल सॉल्यूशन सॉफ्टवेयर बनने के कारण 49वें स्थान पर है। सूची में स्ट्राइप (CEO: पैट्रिक कॉलिसन) शीर्ष पर है।

42. **SBI** ने एक अनूठी सावधि जमा योजना "उत्सव जमा" शुरू की है।

**नोट:** इस सावधि जमा योजना में उच्च ब्याज दरें हैं तथा यह केवल सीमित समय के लिए उपलब्ध है। उत्सव सावधि जमा योजना के अंतर्गत, SBI 1000 दिनों की अवधि के सावधि जमा पर 6.10% वार्षिक ब्याज दर प्रदान कर रहा है। वरिष्ठ नागरिक नियमित दर से 0.50% अधिक की अतिरिक्त ब्याज दर के पात्र होंगे।

**43.** जुलाई महीने 2022 के लिए थोक मूल्य मुद्रास्फीति (WPI) **13.93%** है।

**नोट:** वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अनुसार, खाद्य वस्तुओं तथा विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में कमी के कारण WPI मुद्रास्फीति में गिरावट आई है। WPI मई 2022 में 15.88% के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर था और जुलाई 2021 में 11.57% पर था। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति भी जुलाई 2022 में घटकर 6.71% हो गई, जो पिछले महीने में 7.01 थी।

**44.** पेटीएम ने प्वाइंट ऑफ सेल डिवाइस नियोजित करके स्मार्ट भुगतान के साथ-साथ अपनी ऋण सेवा पेटीएम पोस्टपेड उपलब्ध कराने के लिए भारत में **सैमसंग** स्टोर के साथ साझेदारी की है।

**नोट:** पेटीएम अपनी पोस्टपेड सेवा के माध्यम से प्रति माह 60,000 रुपये तक की क्रेडिट सीमा प्रदान करेगा। यह ग्राहकों को 2 लाख रुपये तक के व्यक्तिगत ऋण प्राप्त करने का विकल्प भी देगा।

**45.** भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण द्वारा आयोजित पहला हैकथॉन **बीमा मंथन 2022** है।

**नोट:** विषय: Innovation in Insurance; उद्देश्य: ऐसे समाधानों की पहचान करके उन्हें विकास करना जिनमें प्रत्येक व्यक्ति को बीमा उपलब्ध कराने की क्षमता हो।

समस्यागत विषय-क्षेत्र: ऑटोमेटेड डेथ क्लेम निपटान, बीमा उत्पादों की गलत-बिक्री, बीमा-रहित मोटर वाहनों की पहचान, बीमा उत्पादों का वितरण, मोटर बीमा में धोखाधड़ी की रोकथाम।

**46.** **कर्नाटक बैंक** ने ACC तथा सावधि जमा के तहत 75 सप्ताह (525 दिन) की अवधि के लिए एक नई सावधि जमा योजना अमृत समृद्धि शुरू की है, जो सीमित समय के लिए उपलब्ध होगी।

**नोट:** इस जमा योजना की ब्याज दर 6.10% वार्षिक है। नई योजना, KBL अमृत समृद्धि के साथ बैंक ने ग्राहकों को ब्याज दरों में वृद्धि का लाभ प्रदान किया है।

**47.** **यस बैंक** ने ओपन नेटवर्क डिजिटल कॉमर्स (ONDC) को अपनाने के लिए सेलर ऐप (एक विक्रेता-केंद्रित इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म) के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है।

**नोट:** यह साझेदारी उन्हें अपने डिजिटल वाणिज्य क्षेत्र का विस्तार करने में मदद करेगी। ONDC भारत सरकार की एक रणनीतिक पहल है जिसका उद्देश्य संपूर्ण डिजिटल वाणिज्य क्षेत्र का लोकतंत्रीकरण करना है। भारतीय ई-कॉमर्स बाजार में वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली फ्लिपकार्ट तथा अमेजन जैसे ई-टेलर्स के विकल्प के रूप में भी नेटवर्क बनाया जा रहा है।

**48.** **बैंक ऑफ बड़ौदा (BoB)** ने एक विशेष खुदरा सावधि जमा योजना 'बड़ौदा तिरंगा जमा योजना' शुरू की है, जो 444 दिनों के लिए 5.75% तथा 555 दिनों के लिए 6% की ब्याज दर प्रदान करती है।

**नोट:** यह योजना 2 करोड़ से कम की खुदरा जमा के लिए है और 31 दिसंबर, 2022 तक लागू है। वरिष्ठ नागरिक 0.50% की अतिरिक्त ब्याज दर अर्जित करेंगे, जबकि गैर-प्रतिदेय जमाओं को 0.15% अतिरिक्त ब्याज दर मिलेगी।

**49.** इंडेल मनी लिमिटेड ने डिजिटल व्यक्तिगत ऋण प्रदान करने के लिए अपना मोबाइल ऐप तथा ई-पोर्टल लॉन्च किया है। **उमेश मोहनन** इंडेल मनी लिमिटेड के CEO हैं।

**नोट:** प्रारंभ में यह सेवा मौजूदा ग्राहकों को तीव्र ऋण संवितरण के साथ पूर्ण डिजिटल अनुभव प्रदान करने के लिए पेश की जाएगी। व्यक्तिगत क्रेडिट स्कोर के आधार पर ब्याज दर 10-20% होगी। ऋण अदायगी अवधि 3-6 महीने के कोष्ठ में है।

**50.** भारतीय स्टेट बैंक (SBI) ने भारत में स्टार्ट-अप को आसान बनाने तथा उनके समर्थन के लिए **कोरमंगला, बैंगलोर** में अपनी पहली "अत्याधुनिक" विशेष शाखा शुरू करने की घोषणा की है।

**नोट:** बेंगलुरू के बाद दूसरी तथा तीसरी शाखा क्रमश: गुरुग्राम तथा हैदराबाद में शुरू की जाएगी। शाखा ने कर्नाटक सरकार की पहल के साथ MOU भी किया है।

**51.** एक्सिस बैंक ने भारतीय खाद्य निगम (FCI) के सभी कर्मचारियों को विशेष लाभ एवं सुविधाओं के साथ "अल्टिमा सैलरी पैकेज" प्रदान करने के लिए एक MoU पर हस्ताक्षर किए।

**नोट:** व्यक्तिगत दुर्घटना कवर: 20 लाख रुपये तक; अतिरिक्त शिक्षा अनुदान: 8 लाख रुपये तक कुल स्थायी विकलांगता कवर लाभ: 20 लाख रुपये तक; स्थायी आंशिक विकलांगता: 20 लाख रुपये तक; 1 करोड़ रुपये का हवाई दुर्घटना कवर

**52.** बैंक की वित्त वर्ष 2022 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, अमिताभ चौधरी पिछले वित्तीय वर्ष में भारत में सर्वाधिक वेतन पाने वाले निजी बैंक के प्रमुख थे, जिन्होंने वार्षिक वेतन में कुल 7.62 करोड़ रुपये प्राप्त किए। वह **एक्सिस बैंक** के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं।

**नोट:** इसके बाद इंडसइंड बैंक के प्रमुख सुमंत कठपालिया हैं, जिन्होंने वित्त वर्ष 2022 में वार्षिक वेतन में 7.31 करोड़ रुपये प्राप्त किए। ICICI बैंक के MD संदीप बख्शी ने पिछले वित्त वर्ष में वार्षिक वेतन में 7.05 करोड़ रुपये प्राप्त किए।

**53.** लोगों के बीच सुरक्षित बैंकिंग आदतों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से **HDFC बैंक** ने नवीनतम अभियान 'विजिल आंटी' शुरू किया है।

**नोट:** टेलीविजन पर 'लोला कुट्टी' का लोकप्रिय किरदार निभाने वाली अनुराधा मेनन 'विजिल आंटी' अभियान का चेहरा होंगी। यह अभियान बैंक के लोकप्रिय 'मुंह बंद रखो' अभियान के साथ चलेगा जो लोगों से अपनी गोपनीय बैंकिंग जानकारी दूसरों के साथ साझा न करने का आग्रह करता है। विजिल आंटी अभियान 4-6 सप्ताह तक चलेगा।

**54.** भारतीय रिजर्व बैंक ने **डेक्कन अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक** के पास पर्याप्त पूंजी तथा उपार्जन संभावनाएं न होने के चलते बैंक का लाइसेंस रद्द किया।

**नोट:** बैंक द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, 99 प्रतिशत से अधिक जमाकर्ता निक्षेप बीमा एवं प्रत्यय गारंटी निगम (DICGC) से अपनी पूरी जमा राशि प्राप्त करने के हकदार हैं। सहकारी बैंक ने 18 अगस्त की कार्य समाप्ति के बाद से बैंकिंग कार्य बंद कर दिया।

**55.** **लार्सन एंड टुब्रो** ने गुजरात के हजीरा में एक नया हरित हाइड्रोजन संयंत्र चालू किया।

**नोट:** यह विकास कंपनी द्वारा हरित हाइड्रोजन के उत्पादन हेतु इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन तथा रीन्यू पावर के साथ एक संयुक्त उद्यम समझौते पर हस्ताक्षर करने के 5 महीने बाद हुआ है। L&T तथा IOC ने विद्युत अपघटक के उत्पादन हेतु एक अलग संयुक्त उद्यम पर भी हस्ताक्षर किए थे। यह संयंत्र प्रतिदिन 45 किग्रा हरित हाइड्रोजन बनाएगा, जिसका उपयोग कंपनी के हजीरा निर्माण परिसर में सीमित उपभोग के लिए किया जाएगा।

**56.** **HDFC** बैंक ने उत्तरी केरल क्षेत्र के कोझिकोड में चेरूट्टी रोड में अपनी पहली सर्व-महिला शाखा खोली।

**नोट:** चार महिला बैंकरों की शाखा का उद्घाटन नगर निगम महापौर बीना फिलिप ने किया। बैंक के अनुसार, 31 मार्च, 2022 तक, महिलाएं कुल जनबल की 21.7% (21,486) थीं। निजी ऋणदाता इसे 2025 तक बढ़ाकर 25% करना चाहता है।

**57.** भारत के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) ने QR कोड-आधारित लेनदेन के साथ यूके के बाजार में अपना कार्य आरंभ करने के लिए **पेएक्सपर्ट (PayXpert)** भुगतान समाधान प्रदाता के साथ साझेदारी की है।

**नोट:** NPCI इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (NIPL) ने पेएक्सपर्ट के साथ साझेदारी की। उद्देश्य: यूके में अपने भुगतान समाधानों की स्वीकार्यता का अंतर्राष्ट्रीयकरण करना। UAE, जापान, अमेरिका, सिंगापुर, भूटान, नेपाल तथा फ्रांस पहले से ही UPI भुगतान सेवाओं को स्वीकार रहे हैं।

**58.** भारत ने हिमाचल प्रदेश में सुरक्षित पेयजल तथा जलापूर्ति एवं स्वच्छता सेवाओं में सुधार हेतु एशियाई विकास बैंक (ADB) के साथ **96.3 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 769 करोड़ रुपये)** की धनराशि के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए।

**नोट:** इस समझौते पर बहुपक्षीय ऋणदाता एजेंसी तथा केंद्र सरकार ने हस्ताक्षर किए। यह परियोजना हिमाचल प्रदेश सरकार के जल शक्ति विभाग तथा ग्राम पंचायत ग्राम्य जल एवं स्वच्छता समितियों की क्षमता बढ़ाएगी।

**59.** **मुथूट फाइनेंस** गोल्ड फाइनेंस प्रदाता ने ग्राहकों के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने हेतु उनके लिए मिलिग्राम रिवॉर्ड प्रोग्राम शुरू किया।

**नोट:** इसके साथ, कंपनी एक नया रिवॉर्ड प्रोग्राम शुरू करने वाली पहली गोल्ड लोन NBFC बन गई। दो वर्ष के कार्यक्रम में, कंपनी के साथ प्रत्येक ग्राहक के संप्रेषण लेनदेन से 20 मिलीग्राम सोना मिलेगा।

**60.** विनियमित वित्तीय-डेटा साझाकरण प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए **SEBI**, RBI के अकाउंट एग्रीगेटर फ्रेमवर्क में शामिल हुआ।

**नोट:** इससे ग्राहकों को अपने म्यूचुअल फंड तथा स्टॉक होल्डिंग्स संबंधी जानकारी वित्तीय सेवा प्रदाताओं के साथ साझा करने की स्वीकृति मिलेगी। अकाउंट एग्रीगेटर (AA) को वित्तीय सूचना प्रदाताओं (FIP) तथा वित्तीय सूचना उपयोगकर्ताओं (FIU) के बीच डेटा प्रवाह को सक्षम बनाने के लिए RBI से लाइसेंस प्राप्त है। उपयोगकर्ता को डेटा साझा करते समय स्वीकृति देनी होगी।

**61.** **HDFC ERGO** ने इलेक्ट्रिक वाहनों (EV) के लिए एक पोर्टल 'ऑल थिंग्स ईवी' (www.allthingsev.io) लॉन्च किया।

**नोट:** यह देश का पहला वन-स्टॉप-सॉल्यूशन पोर्टल है जिसका उपयोग मौजूदा तथा संभावित EV उपयोगकर्ताओं द्वारा किया जा सकता है। यह पोर्टल आसपास के चार्जिंग स्टेशनों एवं उनके स्थानों की जानकारी देता है। यह प्लेटफॉर्म उन सभी भारतीयों के लिए है जिन्होंने EV खरीदे हैं या EV खरीदने की योजना बना रहे हैं या तेजी से बढ़ते EV क्षेत्र से कमाई करने की योजना बना रहे हैं।

**62.** **AMG मीडिया नेटवर्क लिमिटेड (AMNL)** ने परोक्ष रूप से मीडिया तथा समाचार प्रसारक नई दिल्ली टेलीविजन (NDTV) में 29.18% हिस्सेदारी हासिल की।

**नोट:** AMG मीडिया नेटवर्क (AMN) चैनल में एक निवेशक विश्वप्रधान कॉमर्शियल (VCPL) के माध्यम से NDTV में 29.18% हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगा। VCPL को NDTV का 26% सार्वजनिक शेयरधारकों से 294 रुपये प्रति शेयर पर हासिल करने के लिए एक ओपन ऑफर पेश करना होगा, जिसका कुल मूल्य लगभग 483 करोड़ रुपये है।

63. **एडलवाइस जनरल इंश्योरेंस** डिजिटल बीमा प्रदाता ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत डिजिटल हेल्थ आईडी बनाने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ साझेदारी की।

**नोट:** डिजिटल हेल्थ आईडी या ABHA (आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट) नंबर एक 14-अंकों की संख्या है जो उपयोगकर्ताओं को पंजीकृत स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के साथ अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड तक डिजिटल पहुंच प्राप्त करने में मदद करती है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत इस कार्यक्रम को लागू करने के लिए एक नोडल एजेंसी है।

**64.** भारतीय रिजर्व बैंक ने **अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कॉर्प** वित्तीय कार्ड सेवा प्रदाता पर लगा कार्य प्रतिबंध हटा लिया और अपने कार्ड नेटवर्क पर नए घरेलू ग्राहकों की ऑनबोर्डिंग को पुन: शुरू करने की अनुमति दी।

**नोट:** RBI ने मई 2021 में अमेरिकन एक्सप्रेस पर प्रतिबंध लगाया था। कारण: 2018 में भुगतान संबंधी जानकारी के संग्रहण पर जारी परिपत्र का अनुपालन न करना। अमेरिकन एक्सप्रेस भुगतान एवं निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 के अंतर्गत भारत में कार्ड नेटवर्क के संचालन हेतु अधिकृत भुगतान प्रणाली ऑपरेटर है।

**65.** भारतीय रिजर्व बैंक जून 2022 में निवल आधार पर **3.719 बिलियन USD** की धनराशि की बिक्री के बाद अमेरिकी मुद्रा का निवल (शुद्ध) विक्रेता बन गया।

**नोट:** केंद्रीय बैंक ने हाजिर बाजार से 18.96 बिलियन USD की खरीद की तथा 22.679 बिलियन USD की बिक्री की। जून 2021 में, हाजिर बाजार से निवल आधार पर 18.633 बिलियन USD की खरीद के बाद RBI अमेरिकी मुद्रा का निवल क्रेता था। मई 2022 में, RBI ने 2.001 बिलियन USD की निवल खरीद की (10.143 बिलियन USD की खरीद तथा 8.142 बिलियन USD की बिक्री)।

66. केंद्र सरकार ने **22 अगस्त** से लागू हुए विदेशी मुद्रा प्रबंधन (विदेशी निवेश) नियमों में संशोधन की घोषणा की।

**नोट:** कारण: विदेशी निवेश के लिए मौजूदा फ्रेमवर्क को आसान बनाना; वर्तमान में, भारत में आवासित व्यक्ति के विदेशी निवेश को विदेशी मुद्रा प्रबंधन (किसी भी विदेशी प्रतिभूति का हस्तांतरण या निर्गम) विनियम, 2004 तथा विदेशी मुद्रा प्रबंधन (भारत के बाहर स्थावर संपत्ति का अधिग्रहण एवं हस्तांतरण) 2015 द्वारा नियंत्रित किया जाता है।

67. BASIX सोशल एंटरप्राइज ने **मास्टरकार्ड** के साथ साझेदारी में BASIX फार्मर्स मार्केट (BFM) (एग्रीटेक प्लेटफॉर्म) लॉन्च किया।

**नोट:** उद्देश्य: किसानों को डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ना। BFM लघु एवं सीमांत किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए मास्टरकार्ड की प्रौद्योगिकी क्षमताओं और कृषि में BASIX की गहन उद्योग विशेषज्ञता का लाभ उठाएगा। यह प्लेटफॉर्म डेटा गोपनीयता तथा सुरक्षा पर मजबूत नियंत्रण के साथ FPO के लिए डेटा तथा कार्य प्रगति का डिजिटलीकरण करेगा।

68. **क्रेडिटबी** संगठन ने भुगतान के समय (चेकआउट के समय) ऑनलाइन खरीदारी को EMI में बदलने का विकल्प प्रदान करने के लिए बैंकिंग समाधान कंपनी, कैशफ्री पेमेंट्स के साथ साझेदारी की।

**नोट:** क्रेडिटबी के पास बड़ा ग्राहक आधार है जो ऑनलाइन भुगतान करते समय कैशफ्री पेमेंट्स के मर्चेंट साझेदारों से वित्तीय सुविधा का लाभ उठा सकता है। भुगतान के समय वित्तीय ऋण सीमा 3-18 महीने की अवधि के साथ 2,400 रुपये से 2 लाख रुपये है। क्रेडिटबी वर्तमान में व्यक्तिगत ऋण तथा डिजिटल गोल्ड निवेश उत्पाद प्रदान कर रहा है।

69. **यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस** ने आवास ऋण का बीमा करने के लिए रेप्को होम फाइनेंस (चेन्नई स्थित) के साथ साझेदारी की।

**नोट:** उद्देश्य: ऋण अदायगी की अवधि के दौरान किसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना की स्थिति में होम फाइनेंसर ग्राहकों को उनके आवास ऋण का बीमा करके सुरक्षा प्रदान करना। यह साझेदारी रेप्को के ग्राहकों को सामूहिक ऋण सुरक्षा तथा व्यक्तिगत दुर्घटना पॉलिसी जैसे किफायती बीमा समाधान भी प्रदान करेगी।

70. **PNB** ने बीमा कवरेज युक्त प्री-क्वालिफाइड क्रेडिट कार्ड लॉन्च किए।

**नोट:** इसने कुछ क्लिक तथा एक OTP में PNB वन पर सावधि जमा पर ओवरड्राफ्ट की सुविधा भी शुरू की। यह कार्ड सुविधा वेतन खाता ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगी और वे PNB वन, या वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। PNB वन जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम आवेदन करने पर ब्याज दर पर 0.25% की रियायत है।

71. **भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI)** ने देश भर में 1,000 हरित ऊर्जा उद्यम स्थापित करने के लिए टाटा पावर के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी टीपी रिन्यूएबल माइक्रोग्रिड लिमिटेड (TPRMG) के साथ साझेदारी की।

**नोट:** समझौते के अनुसार, SIDBI उन्हें "गो रिस्पॉन्सिव, एंटरप्राइज इंसेंटिव (GREENi)" प्रदान करेगा, जब उद्यमी TPRMG द्वारा आयोजित क्षमता-निर्माण कार्यक्रम को पूरा कर लेंगे।

72. RBI ने केरल स्थित **थोडुपुझा अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक** पर छह महीने की अवधि के लिए कुछ प्रतिबंध लगाए हैं।

**नोट:** कारण: इसकी बिगड़ती वित्तीय स्थिति। ऋण तथा अग्रिम देने या नवीकृत करने और किसी भी निवेश पर प्रतिबंध।

**73. IRDAI** ने सीमाओं को समग्र पोर्टफोलियो तथा कंपनी प्रबंधन खर्चों से जोड़कर बीमा कंपनियों को कमीशन का भुगतान करने में अधिक लचीलापन प्रदान किया।

**नोट:** IRDAI ने स्वास्थ्य एवं सामान्य बीमा कंपनियों द्वारा भुगतान किए जाने वाले कमीशन को ग्रॉस रिटेन प्रीमियम (GWP) के 20% तक सीमित करने का प्रस्ताव दिया है। जीवन बीमा कंपनियों के लिए, IRDAI ने कमीशन को प्रबंधन खर्च (EoM) के साथ जोड़ने का प्रस्ताव दिया है।

**74. HDFC बैंक** कनाडा स्थित फेयरफैक्स ग्रुप समर्थित जनरल इंश्योरेंस कंपनी 'गो डिजिट लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड' में निवेश करेगा।

**नोट:** HDFC बैंक ने कंपनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी के 9.944% तक की इक्विटी हिस्सेदारी के लिए कंपनी के इक्विटी शेयर प्राप्त करके 49.9-69.9 करोड़ रुपये (दो चरणों) के बीच निवेश करने का प्रस्ताव दिया है। हाल ही में, गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस ने आरंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव (IPO) के माध्यम से धन जुटाने के लिए SEBI के पास प्रारूपी दस्तावेज दाखिल किए।

**75.** टाटा न्यू (Tata Neu) तथा **HDFC बैंक** ने दो को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड वेरिएंट 'प्लस क्रेडिट कार्ड' तथा 'इन्फिनिटी क्रेडिट कार्ड' लॉन्च करने के लिए साझेदारी की है।

**नोट:** ग्राहकों को टाटा ब्रांड्स पार्टनर पर हर खरीद हेतु टाटा न्यूप्लस HDFC बैंक क्रेडिट कार्ड से 2% न्यूक्वाइन मिलेंगे। ग्राहकों को टाटा न्यू इन्फिनिटी HDFC बैंक क्रेडिट कार्ड से 5% न्यूक्वाइन मिलेंगे। टाटा न्यू के ग्राहक टाटा न्यू ऐप पर क्रेडिट कार्ड हेतु आवेदन कर सकते हैं तथा इसकी प्रमुख जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**76.** PGA लैब्स के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, जून 2022 तक, **भारतीय स्टेट बैंक** ने 30% बाजार हिस्सेदारी के साथ डेबिट कार्ड बाजार में शीर्ष स्थान हासिल किया।

**नोट:** इसके बाद बैंक ऑफ बड़ौदा (8% बाजार हिस्सेदारी), बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक यूनियन बैंक, तथा पंजाब नेशनल बैंक (सभी 5% हिस्सेदारी) हैं। HDFC बैंक 22% की बाजार हिस्सेदारी के साथ क्रेडिट कार्ड सूची में शीर्ष पर है, इसके बाद SBI (18%), ICICI बैंक (17%), एक्सिस बैंक (12%), RBL बैंक (5%), और कोटक महिंद्रा बैंक (5%) हैं।

**77. भारतीय थलसेना** भारतीय सशस्त्र बल ने BOB फाइनेंशियल सॉल्यूशंस लिमिटेड (BFSL) और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) के सहयोग से एक योद्धा को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया।

**नोट:** यह को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड रुपे प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगा और इसमें कॉन्टेक्टलेस सुविधाएं होंगी। भारतीय सेना के सभी सैनिक को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के लाइफ टाइम फ्री (LTF) ऑफर के पात्र होंगे। योद्धा क्रेडिट कार्ड व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा इत्यादि सुविधाएं प्रदान करेगा।

**78.** RBI की रिपोर्ट के अनुसार, जून 2022 को समाप्त तिमाही में बैंक ऋण वृद्धि जून 2021 के 6% से बढ़कर **14.2%** हुई।

**नोट:** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने 'जून 2022 के लिए SCB की जमा तथा ऋण पर तिमाही आंकड़े' जारी किए हैं जो सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (SCB) से संगृहीत आंकड़े दर्शाते हैं, इनमें क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, लघु वित्त बैंक तथा भुगतान बैंक शामिल हैं। मार्च 2022 को समाप्त तिमाही में, बैंक ऋण में 10.8% का विस्तार हुआ था।

**79.** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम (NMDFC) ने वित्तीय लेखा सॉफ्टवेयर एवं मोबाइल एप्लिकेशन के विकास के लिए **ICICI बैंक** के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

**नोट:** ICICI बैंक NMDFC के लिए एप्लिकेशन को डिजाइन, विकसित एवं परिनियोजित करेगा और सोर्स कोड तथा निष्पाद्य डेटाबेस सूचना प्रदान करेगा। यह समझौता ज्ञापन NMDFC तथा राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों के लिए वित्तीय लेखांकन सॉफ्टवेयर, ऋण लेखांकन सॉफ्टवेयर के विकास को संभव बनाता है।

**80.** विदेश एवं शिक्षा राज्य मंत्री (MoS) राजकुमार रंजन सिंह ने BIMSTEC सचिवालय के परिचालन बजट के लिए औपचारिक रूप से **1 मिलियन अमेरिकी डॉलर** की धनराशि का चेक सौंपा।

**नोट:** BIMSTEC महासचिव, तेनज़िन लेकफेल जो भारत दौरे पर थे, ने राजकुमार रंजन सिंह से मुलाकात की। उन्होंने आतंकवाद, आपदा प्रबंधन, समुद्री सहयोग तथा ऊर्जा सुरक्षा सहित भारत के नेतृत्व वाले विशिष्ट क्षेत्रों में सहयोग पर भी चर्चा की।

81. कोच्चि मेट्रो रेल लिमिटेड के साथ, **एक्सिस** बैंक ने ओणम के संबंध में कोच्चि-1 स्मार्ट कार्ड के अधिक उपयोग को बढ़ावा देने के लिए एक अभियान शुरू किया।

**नोट:** बैंक ने रिचार्ज, जनोपयोगी सेवा तथा बिल भुगतान पर छूट प्रदान करने के लिए अमेजन पे के साथ साझेदारी भी की। 'डाइनिंग डिलाइट्स' ऑफर कोच्चि-1 कार्ड धारकों के लिए विस्तारित किया गया है जिसके द्वारा वे खानपान संबंधी बिलों पर छूट का लाभ उठा सकते हैं। ग्राहक अपने कोच्चि-1 कार्ड का उपयोग करके ईज़ीडिनर के साथ घर के बाहर भोजन संबंधी ऑफर का लाभ उठा सकते हैं।

**82.** IRDAI के अध्यक्ष, देबाशीष पांडा ने घोषणा की है कि IRDAI ने नए आवेदनों को संसाधित करने में लगने वाले समय को 8 महीने से घटाकर **2 महीने** करके नई कंपनियों की पंजीकरण प्रक्रिया को आसान बना दिया।

**नोट:** नियामक ने आवेदकों के लिए दो अधिकारियों का एक सुविधा प्रकोष्ठ बनाया है ताकि इकाई को अपना परिचालन शुरू करने की मंजूरी मिल सके। IRDAI के आंकड़ों के अनुसार, 2021 तक देश में बीमा प्रवेश 4.2% था, जो चीन से अधिक है।

**83. PGIM इंडिया म्यूचुअल फंड** ने एक नई निवेशक शिक्षा तथा जागरूकता वेबसाइट 'मनी एंड मी' लॉन्च की ________ ।

**नोट:** इस वेबसाइट में घरेलू बजट, सुरक्षा, बचत तथा निवेश सहित व्यक्तिगत वित्त के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत विषय-वस्तु है। कंपनी ने 'मनी एंड मी' पहल को बढ़ावा देने के लिए एक उपभोक्ता जागरूकता अभियान - 'आपका हैप्पीनेस प्लांड' भी शुरू किया। उद्देश्य: विभिन्न वित्तीय चुनौतियों से निपटने में निवेशकों की मदद करना।

**84. ICICI बैंक** ने रुपे पेमेंट नेटवर्क पर कोरल वैरिएंट क्रेडिट कार्ड लॉन्च करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की।

**नोट:** ICICI बैंक रुपे क्रेडिट कार्ड वर्तमान में बैंक की जेम्सस्टोन सीरीज के कोरल वैरिएंट में उपलब्ध है। इसके बाद शीघ्र ही रूबीक्स और सैफिरो वेरिएंट आएंगे। यह एक कॉन्टेक्टलेस कार्ड है जो कई अनुलब्धियों तथा लाभों के साथ आता है।

**85.** SEBI ने अनधिकृत व्यापार नियमों तथा सूचीयन शर्तों का उल्लंघन करने के लिए आधार वेंचर्स इंडिया लिमिटेड तथा उसके निदेशकों पर **25 लाख रुपये (कुल)** का मौद्रिक जुर्माना लगाया है।

**नोट:** निदेशक: जिल्स रायचंद मदान, सोमाभाई सुंदरभाई मीणा और ज्योति मुनवेर। SEBI ने AVIL के शेयरों में कथित मूल्य हेरफेर के लिए प्रारंभिक जांच की है। AVIL, मदन, मीना तथा मुनवेर स्टॉक एक्सचेंज को जानकारी देने में विफल रहे, जिससे प्रकटन चूक का उल्लंघन हुआ।

## श्रद्धांजलियां

**1.** टी. मोहनदास एम. पाई, जिनका हाल ही निधन हो गया, जो **उदयवाणी (कन्नड़ दैनिक)** समाचार-पत्र के संस्थापक थे।

**नोट:** वह डॉ. टी. एम. ए. पाई फाउंडेशन तथा मणिपाल मीडिया नेटवर्क के अध्यक्ष भी थे जो 'उदयवाणी' का संचालन करता है। उन्होंने ICDS

लिमिटेड में अध्यक्ष तथा गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में भी कार्य किया।

2. जॉनी फेमचॉन, जिनका हाल ही निधन हो गया है, वे **मुक्केबाजी** खेल से संबंधित थे।
**नोट:** वह 20 से अधिक वर्षों तक पेशेवर मुक्केबाजी से जुड़े रहे और उनके नाम 56 जीत (20 नॉकआउट, छह ड्रॉ तथा पांच हार) का रिकॉर्ड था। उन्होंने जापान के मासाहिको हरदा के खिलाफ अपना फेदरवेट विश्व खिताब जीता।
3. ओलिविया न्यूटन-जॉन, जिनका हाल ही में निधन हो गया, वे एक लोकप्रिय **गायिका एवं अभिनेत्री** थीं।
**नोट:** वह अपने म्यूजिक वीडियो फिजिकल तथा हिट म्यूजिकल ग्रीज़ के लिए सर्वाधिक प्रसिद्ध थीं।उन्हें 1973 में "लेट मी बी देयर" के लिए बेस्ट फीमेल कंट्री वोकल परफॉर्मेंस श्रेणी में अपना पहला ग्रैमी पुरस्कार मिला।
4. के. माया थेवर, जिनका हाल ही में निधन हो गया, वे **AIADMK** राजनीतिक दल के पूर्व सांसद थे।
**नोट:** उन्होंने वकील के रूप में अपना करियर शुरू किया, और मद्रास उच्च न्यायालय में वकालत की। बाद में वह राजनीति में चले गए और अन्नाद्रमुक में शामिल हो गए, और 1972 में पूर्व मुख्यमंत्री एम.जी. रामचंद्रन द्वारा पार्टी के गठन के बाद अन्नाद्रमुक के पहले लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बने।
5. पी.वी. कामराज जिनका हाल ही में निधन हो गया, वे **वर्ष 1979** मे एशियाई चैंपियनशिप, टोक्यो में 4x400 मीटर भारतीय पुरुष रिले में कांस्य जीता।
**नोट:** वह भारतीय रेलवे के मुख्य आरक्षण अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए थे और उन्होंने तिरुचि (कामराज का गृहनगर) में एथलेटिक्स में बहुत अधिक योगदान दिया।
6. **भारतीय अमेरिकी** उमा पेम्माराजू, जिनका हाल ही में निधन हो गया, वे एक पत्रकार थीं।
**नोट:** वह द फॉक्स रिपोर्ट, फॉक्स न्यूज लाइव, फॉक्स न्यूज नाउ और फॉक्स ऑन ट्रेंड्स जैसे विभिन्न शो का हिस्सा थीं। खोजी पत्रकारिता तथा रिपोर्टिंग के लिए उन्हें अपने करियर में कई एमी पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।
7. राकेश झुनझुनवाला, जिनका हाल ही में निधन हो गया है, एक अनुभवी **शेयर बाजार निवेशक** थे।
**नोट:** उन्होंने शेयर बाजार में अपने सफर की शुरुआत कॉलेज के दौरान केवल 5,000 रुपये की पूंजी से की थी। भारत की नवीनतम किफायती विमान सेवा, अकासा एयर राकेश झुनझुनवाला के व्यावसायिक उपक्रमों में से एक थी। एयरलाइन ने इस महीने मुंबई से अहमदाबाद के लिए पहली उड़ान के साथ वाणिज्यिक परिचालन शुरू किया।
8. डेविड मैककलॉफ का हाल ही में निधन हो गया, जिन्होंने राष्ट्रपति जॉन एडम्स तथा हैरी ट्रूमैन की जीवनी के लिए **वर्ष 1993 मे** पहला पुलित्जर पुरस्कार जीता।
**नोट:** उन्होंने 1993 में ट्रूमैन, अमेरिका के 33वें राष्ट्रपति पर एक जीवनी तथा 2002 में दूसरे अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एडम्स की जीवनी के लिए पुलित्जर पुरस्कार जीता। उन्होंने "द पाथ बिटवीन द सीज़: द क्रिएशन ऑफ़ द पनामा कैनाल तथा मॉर्निंग्स ऑन हॉर्सबैक" के लिए नेशनल बुक अवॉर्ड भी प्राप्त किए।
9. अंशु जैन, जिनका हाल ही में निधन हो गया है, **ड्यूश बैंक** के पूर्व सह-मुख्य कार्यकारी अधिकारी थे।
**नोट:** उन्होंने वॉल स्ट्रीट में अपना करियर शुरू किया तथा वित्तीय कंपनी मेरिल लिंच में भी काम किया। उन्हें 2009 में ड्यूश बैंक प्रबंधन बोर्ड में नियुक्त किया गया, जहां वे 2010 से कॉर्पोरेट तथा निवेश बैंक विभाग के लिए उत्तरदायी थे। वे 2012 में ड्यूश बैंक के Co-CEO बने।
10. लेखक, निकोलस इवांस का हाल ही में निधन हो गया। उनके प्रथम उपन्यास का नाम '**द हॉर्स व्हिस्परर**' है।
**नोट:** 1995 में प्रकाशित उनका पहला उपन्यास, 'द हॉर्स व्हिस्परर', द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार 1995 के लिए अमेरिका में सर्वाधिक बिकने वाला उपन्यास था। पुस्तक को 1998 में एक फिल्म में परिवर्तित

किया गया था। उनकी अन्य रचनाएं- "द लूप" (1998), "द स्मोक जम्पर" (2001), "द डिवाइड" (2005) और "द ब्रेव" (2010)।

**11.** अमिताभ चौधरी, जिनका निधन हो गया है, वह **BCCI** के पूर्व कार्यवाहक सचिव थे।
**नोट:** उन्होंने झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (JSCA) के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया। उन्होंने 2019 तक BCCI के कार्यवाहक सचिव के रूप में कार्य किया। वह एक सेवानिवृत्त वरिष्ठ IPS अधिकारी थे, जो झारखंड पुलिस में IGP के पद तक पहुंचे और झारखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष थे। उन्होंने झारखंड क्रिकेट के लिए अवसंरचना विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**12.** केरल के पहले आदिवासी उपन्यासकार तथा लघु कथाकार, नारायण का हाल ही में निधन हो गया। उनके पहले उपन्यास का नाम **कोचारेठी** है।
**नोट:** उनका जन्म 1940 में थोडुपुझा तालुका में कदयाथुर पहाड़ियों में मलायाराय समुदाय में हुआ था। 1998 में प्रकाशित उनका पहला उपन्यास, 'कोचारेठी', 1999 में केरल साहित्य अकादमी पुरस्कार के लिए चुना गया था। उपन्यास का अंग्रेजी, हिंदी तथा दक्षिण भारतीय भाषाओं में अनुवाद किया गया।

**13.** समर 'बद्रू' बनर्जी, जिनका हाल ही में निधन हो गया, **फुटबॉल** में पूर्व भारतीय टीम के कप्तान थे।
**नोट:** टीम का नेतृत्व करते हुए वह 1956 के मेलबर्न ओलंपिक में देश को ऐतिहासिक चौथे-स्थान तक ले गए। 'बद्रू दा' नाम से विख्यात, बनर्जी अल्जाइमर, एज़ोटेमिया तथा उच्च रक्तचाप संबंधी बीमारियों से पीड़ित थे। मोहन बागान को अपने पहले डूरंड कप (1953), रोवर्स कप (1955) सहित कई ट्राफियों हेतु मार्गदर्शित करने के अलावा, बनर्जी ने खिलाड़ी के रूप में दो बार (1953, 1955) तथा कोच के रूप में एक बार (1962) संतोष ट्रॉफी जीती।

**14.** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, सैयद सिब्ते रज़ी का निधन हो गया, वह **झारखंड और असम** के पूर्व राज्यपाल थे।
**नोट:** वह वर्ष 2004-2009 तक झारखंड के राज्यपाल तथा 2009 में असम के राज्यपाल थे। उनका जन्म 7 मार्च 1939 को रायबरेली, उत्तर प्रदेश में हुआ था और 1969 में युवा कांग्रेस में शामिल हुए। उन्हें 1971-1973 में युवा कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया। उन्हें तीन बार राज्यसभा के सदस्य के रूप में कार्य किया।

**15.** अब्दुल गफ्फार नाडियाडवाला, जिन्हें गफ्फारभाई के नाम से जाना जाता है, का निधन हो गया, वह एक प्रसिद्ध **फिल्म निर्माता** थे।
**नोट:** उन्हें महाभारत (1965), झूठा सच (1984), लहू के दो रंग (1997), हेरा फेरी (2000), वेलकम (2007) इत्यादि फिल्मों के लिए जाना जाता था। उन्होंने अपनी फिल्म निर्माण एवं मीडिया मनोरंजन कंपनी 1953 में शुरू की थी।

**16.** अभिजीत सेन, जिनका हाल ही में निधन हो गया, एक प्रख्यात **अर्थशास्त्री** थे।
**नोट:** अपने करियर में, उन्होंने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में अर्थशास्त्र पढ़ाया। वह प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान 2004 से 2014 तक योजना आयोग के सदस्य रहे। उन्हें 2010 में लोक सेवा के लिए पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।

## महत्वपूर्ण दिवस

**1.** 1 -7 अगस्त तक कौन सा सप्ताह प्रतिवर्ष **विश्व स्तनपान सप्ताह के रूप मे** मनाया जाता है।
**नोट:** शिशुओं के लिए नियमित स्तनपान पर विशेष ध्यान देना। विषय 2022: Step Up for Breastfeeding: Educate and Support। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने 1990 में संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष (UNICEF) के सहयोग से एक ज्ञापन तैयार किया। वर्ल्ड एलायंस

फॉर ब्रेस्टफीडिंग एक्शन (WABA) की स्थापना 1991 में हुई और 1992 में पहला विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया गया।

2. **संस्कृति मंत्रालय** ने नई दिल्ली में पिंगली वेंकैया की 146वीं जयंती के उपलक्ष्य में "तिरंगा उत्सव" का आयोजन किया।

   **नोट:** इस कार्यक्रम में देश में पिंगली वेंकैया के अमूल्य योगदान के लिए उनके सम्मान में एक स्मारक डाक टिकट जारी किया गया। पिंगली वेंकैया का जन्म 2 अगस्त, 1876 को आंध्र प्रदेश में हुआ था। वह भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रूपकार थे।

3. सामाजिक-आर्थिक विकास में हथकरघा उद्योग के योगदान को विशिष्ट रूप से दर्शाने के लिए भारत में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस **7 अगस्त को** मनाया जाता है।

   **नोट:** राष्ट्रीय हथकरघा दिवस कपड़ा मंत्रालय के तत्वावधान में पूरे देश में मनाया जाता है। हथकरघा क्षेत्र देश के सबसे बड़े आर्थिक क्षेत्रों में से एक है। स्वदेशी आंदोलन (7 अगस्त, 1905) के दौरान इस क्षेत्र ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

4. विश्व के स्वदेशी लोगों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस दुनिया भर में **9 अगस्त** को मनाया जाता है।

   **नोट:** उद्देश्य: स्वदेशी लोगों की भूमिका तथा उनके अधिकारों, समुदायों तथा ज्ञान के संरक्षण के महत्व को उजागर करना। 2022 विषय: The Role of Indigenous Women in the Preservation and Transmission of Traditional Knowledge

5. पारंपरिक जीवाश्म ईंधन के प्रतिस्थापन के रूप में गैर-जीवाश्म ईंधन के महत्व को दर्शाने के लिए विश्व जैव ईंधन दिवस हर वर्ष **10 अगस्त को** मनाया जाता है।

   **नोट:** इस तारीख को सर रुडोल्फ डीजल (जर्मन) ने मूंगफली के तेल से अपना डीजल इंजन चलाया। भारत में, पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस मंत्रालय और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने विश्व जैव ईंधन दिवस 2015 को मनाना शुरू किया। भारत में तीन प्रकार के जैव ईंधन का उपयोग किया जाता है: बायोएथेनॉल, बायोडीजल और बायोगैस

6. युवाओं के सामने आने वाली समस्याओं के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस हर वर्ष **12 अगस्त को** मनाया जाता है।

   **नोट:** विषय 2022: Intergenerational solidarity: creating a world for all ages| 1999 में, महासभा ने एक प्रस्ताव 54/120 पारित किया, और 12 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस घोषित किया। यह निर्णय युवाओं के लिए उत्तरदायी विश्व मंत्री सम्मेलन (लिस्बन, 8-12 अगस्त 1998) की सिफारिश के बाद लिया गया था।

7. इंटरनेशनल लेफ्टहैंडर्स डे दुनिया भर में **13 अगस्त को** मनाया जाता है।

   **नोट:** उद्देश्य: मुख्यत: दाएं हाथ के व्यक्तियों की दुनिया में बाएं हाथ के व्यक्तियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना।

8. विश्व अंग दान दिवस विश्व स्तर पर **13 अगस्त को** मनाया जाता है।

   **नोट:** यह दिवस अंगदान के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है। विश्व अंग दान दिवस 2022 का विषय "let's pledge to donate organs and save lives"

9. दुनिया भर में हाथियों की दशा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विश्व हाथी दिवस हर वर्ष **12 अगस्त को** मनाया जाता है।

   **नोट:** इस दिवस की स्थापना कनाडा की फिल्म निर्माता पैट्रीशिया सिम्स और एचएम क्वीन सिरिकिट की एक पहल, एलीफेंट रीइंट्रोडक्शन फाउंडेशन ऑफ थाईलैंड द्वारा की गई थी।

10. शेरों के बारे में जागरूकता फैलाने तथा उनके संरक्षण के लिए तत्काल प्रयास की आवश्यकता के लिए विश्व शेर दिवस विश्व स्तर पर **10 अगस्त को** मनाया जाता है।

    **नोट:** 2013 में, पहला विश्व शेर दिवस मनाया गया था। बिग कैट इनिशिएटिव और नेशनल ज्योग्राफिक के डेरेक और बेवर्ली जौबर्ट ने इसकी स्थापना की।

**11.** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (AFI) ने दूसरा 'भाला फेंक दिवस' (जेवलिन थ्रो डे) **7 अगस्त 2022** को मनाया जाता है ।

**नोट:** यह दिवस पहली बार 2021 में भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा के सम्मान में मनाया गया था, जिन्होंने टोक्यो में एथलेटिक्स में भारत का पहला ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था। नीरज चोपड़ा ने टोक्यो के ओलंपिक स्टेडियम में इतिहास रचा। उन्होंने ओलंपिक में 87.58 मीटर दूर भाला फेंककर एथलेटिक्स में भारत के पदक के सूखे को समाप्त किया।

**12.** सुंदर फोटोग्राफी कला की प्रशंसा में विश्व फोटोग्राफी दिवस हर वर्ष **19 अगस्त** को मनाया जाता है।

**नोट:** विषय 2022: Pandemic Lockdown through the lens. इस दिवस की शुरुआत 'देग्युरोटाइप' के आविष्कार के बाद हुई थी। देग्युरोटाइप एक फोटोग्राफिक प्रक्रिया है जो 1837 में फ्रांसीसी लुई डेगुएरे और जोसेफ निसेफोर निएप्स द्वारा विकसित की गई थी। 19 अगस्त, 1839 को फ्रांस सरकार ने देग्युरोटाइप के आविष्कार की घोषणा की।

**13.** आतंकवाद के पीड़ितों की याद में आतंकवाद पीड़ितों का अंतर्राष्ट्रीय स्मरण एवं श्रद्धांजलि दिवस हर वर्ष **21 अगस्त** को मनाया जाता है।

**नोट:** आतंकवाद पीड़ितों का अंतर्राष्ट्रीय स्मरण एवं श्रद्धांजलि दिवस 2022 का विषय "स्मृतियां" (memories) है, जैसा कि संयुक्त राष्ट्र (UN) में उल्लेख किया गया है।

**14.** विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस हर वर्ष **21 अगस्त** को मनाया जाता है।

**नोट:** इसे अमेरिका (यूएस) में राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के रूप में भी जाना जाता है। विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस की जड़ें 19 अगस्त, 1988 को अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन की उद्घोषणा से जुड़ी हैं।

**15.** वर्ष 1897 में मच्छरों और मलेरिया के संचरण के बीच संबंध खोजने वाले सर रोनाल्ड रॉस के सम्मान में विश्व मच्छर दिवस **20 अगस्त** को मनाया जाता है।

**नोट:** उनकी खोज के अनुसार, यह मादा मच्छर हैं जो मनुष्यों में मलेरिया फैलाते हैं। इस दिवस का उद्देश्य मलेरिया के कारणों तथा इसे कैसे रोका जा सकता है, इस संबंध में जागरूकता बढ़ाना है।

**16.** भारत हर वर्ष अक्षय ऊर्जा दिवस या नवीकरणीय ऊर्जा दिवस **20 अगस्त** को मनाया जाता है।

**नोट:** इस दिवस का उद्देश्य भारत में अक्षय ऊर्जा के विकास तथा अंगीकरण के बारे में जागरूकता फैलाना है। अक्षय ऊर्जा दिवस की स्थापना पहली बार 2004 में भारत में अक्षय ऊर्जा विकास कार्यक्रमों का समर्थन करने और प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए की गई थी।

**17.** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री **राजीव गांधी** की जयंती की स्मृति में सद्भावना दिवस मनाया जाता है।

**नोट:** 20 अगस्त 2022 को राजीव गांधी की 78वीं जयंती के रूप में सद्भावना दिवस 2022 मनाया गया। 1992 में राजीव गांधी की मृत्यु के बाद कांग्रेस द्वारा सद्भावना दिवस की स्थापना की गई थी।

**18.** सभी विषमताओं के खिलाफ आपदाओं तथा संकटों के पीड़ितों की मदद करने के लिए स्वेच्छा से आगे आने वाले सभी सहायक एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के सम्मान में विश्व मानवतावादी दिवस हर वर्ष **19 अगस्त** को मनाया जाता है।

**नोट:** संयुक्त राष्ट्र के अनुसार 2022 का अभियान, "हजारों स्वयंसेवकों, पेशेवरों और संकट से प्रभावित लोगों पर प्रकाश डालता है जो तत्काल स्वास्थ्य सेवा, आश्रय, खाद्य पदार्थ, सुरक्षा, जल इत्यादि प्रदान करते हैं।

**19.** **23 अगस्त से 1 सितंबर तक** विश्व जल सप्ताह 2022 का आयोजन किया गया।

**नोट:** स्टॉकहोम इंटरनेशनल वाटर इंस्टीट्यूट (SIWI) ने जल संबंधी वैश्विक चुनौतियों को रूपांतरित करने के लिए विश्व जल सप्ताह का आयोजन किया। विश्व जल सप्ताह सम्मेलन 2022 का विषय: Seeing

the Unseen: The Value of Water. 23 अगस्त से 1 सितंबर तक छह मुख्य सत्र होंगे।

**20.** व्हेल शार्क के महत्व तथा उनके संरक्षण की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय व्हेल शार्क दिवस **30 अगस्त** को मनाया जाता है।

**नोट:** इस दिन शानदार प्रजाति के बारे में जान सकते हैं और अंतर्राष्ट्रीय व्हेल शार्क दिवस 2022 पर उनकी रक्षा के लिए कार्यवाही कर सकते हैं।

**21.** अफ्रीकी मूल के लोगों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस **31 अगस्त** को विश्व स्तर पर मनाया जाता है।

**नोट:** यह दिवस अफ्रीकी मूल के लोगों के अंतर्राष्ट्रीय दशक (2015-2024) के मध्य काल के दौरान पहली बार 2021 में मनाया गया था। यह दिवस हाल ही में संयुक्त राष्ट्र द्वारा बनाया गया था और इस वर्ष पहली बार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाने वाला है।

**22.** लघु उद्योगों को वर्ष में उनकी समग्र संवृद्धि संभाविता तथा उनके विकास के लिए प्राप्त अवसरों के समर्थन तथा प्रोत्साहन हेतु राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवस हर वर्ष **30 अगस्त** को मनाया जाता है।

**नोट:** यह दिवस देश के विकास में लघु उद्योगों के योगदान को पहचानता है। यह दिवस केंद्र तथा राज्य सरकारों के लिए भी लघु उद्योगों को प्रोत्साहित करने तथा समर्थन करने का एक अवसर है।

**23.** संयुक्त राष्ट्र द्वारा इंटरनेशनल डे ऑफ विक्टिम्स ऑफ इन्फोर्स्ड डिसएप्पीयरेंसेस विश्व स्तर पर हर वर्ष **30 अगस्त** को मनाया जाता है।

**नोट:** गिरफ्तारी, कैद तथा अपहरण की घटनाओं सहित दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में जबरन या अनैच्छिक लोप में वृद्धि के बारे में गहरी चिंता व्यक्त करना।

**24.** परमाणु हथियारों के परीक्षण के विनाशकारी प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए परमाणु परीक्षण के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस **29 अगस्त** को मनाया जाता है।

**नोट:** इस वर्ष दिवस की तेरहवीं वर्षगांठ है। उद्देश्य: परमाणु हथियारों के परीक्षण तथा विस्फोटों के प्रभावों के बारे में जन जागरूकता उत्पन्न करना और ऐसे परमाणु परीक्षणों पर विराम की आवश्यकता पर प्रकाश डालना। मैनहट्टन प्रोजेक्ट के जे. रॉबर्ट ओपेनहाइमर के नेतृत्व में परमाणु प्रौद्योगिकी विकसित की गई थी।

**25.** हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस **29 अगस्त** को मनाया जाता है, जिनका जन्म इसी तारीख को 1905 में हुआ था।

**नोट:** वर्ष 2012 में इसी दिन को पहली बार भारत के राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में निर्दिष्ट किया गया और मनाया गया था। राष्ट्रपति इस अवसर पर मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार, अर्जुन पुरस्कार, द्रोणाचार्य पुरस्कार और ध्यानचंद पुरस्कार जैसे खेल पुरस्कार प्रदान करते हैं।

**26.** महिला समानता दिवस 2022 **26 अगस्त** को मनाया गया।

**नोट:** 1973 में, दुनिया भर में पहला महिला समानता दिवस मनाया गया। महिला समानता दिवस 2022 का विषय "Gender Equality Today for a Sustainable Tomorrow"

**27.** कुत्तों को दुकानों से खरीदने के बजाय उन्हें गोद लेने की प्रथा को बढ़ावा देने के लिए इंटरनेशनल डॉग डे प्रतिवर्ष **26 अगस्त** को मनाया जाता है।

**नोट:** इस दिवस की स्थापना पशु कल्याण समर्थक और पालतू पशुओं की जीवनशैली के विशेषज्ञ कोलन पेज ने की थी। उद्देश्य: इस दिवस को बढ़ावा देना राहत एवं बचाव केंद्रों में मौजूद इन जंतुओं को गोद लेने के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

**28.** वर्ल्ड वाइड वेब के आविष्कार के उपलक्ष्य में दुनिया भर में इंटरनॉट डे **23 अगस्त** को मनाया जाता है।

**नोट:** एक "इंटरनॉट" वह व्यक्ति होता है जो इंटरनेट तथा उसके इतिहास का उपयोग करने की संपूर्ण जानकारी रखता है। इस दिन, वर्ष 1991 में WWW के आविष्कारक टिम बर्नर्स ली द्वारा पहली बार,

जब उन्होंने इसकी पहुंच की अनुमति दी, CERN ने घोषणा की कि इंटरनेट सभी के लिए मुफ्त होगा और इसके उपयोग के लिए कोई शुल्क नहीं होगा।

**29.** विश्व गुजराती भाषा दिवस हर वर्ष **24 अगस्त** को मनाया जाता है।

**नोट:** यह दिवस गुजरात के महान लेखक वीर नर्मद की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। 'गुजराती दिवस' इसलिए मनाया जाता है क्योंकि कवि नर्मद को गुजराती भाषा का रचयिता माना जाता था।

**30.** दास व्यापार तथा उसके उन्मूलन के स्मरण का अंतर्राष्ट्रीय दिवस **23 अगस्त** को मनाया जाता है।

**नोट:** इस दिवस को संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (UNESCO) द्वारा ट्रान्सअटलांटिक दास व्यापार को स्मरणोत्सव बनाने के लिए चुना गया था। इस वर्ष का विषय 'Decolonisation' है।

**31.** आतंकवाद के पीड़ितों के स्मरण तथा श्रद्धांजलि का अंतर्राष्ट्रीय दिवस हर वर्ष **21 अगस्त** को मनाया जाता है।

**नोट:** यह आतंकवाद के पीड़ितों की याद में मनाया जाता है। यह दिवस आतंकवाद के शिकार लोगों को यह दिखाने के लिए मनाया जाता है कि उन्हें विस्मृत नहीं किया गया है और उन्हें दुनिया भर में सम्मान तथा पहचान दी गई है। वष 2022 के दिवस का विषय “memories”

**32.** धर्म या आस्था के आधार पर हिंसक कृत्यों के पीड़ितों की स्मृति में अंतर्राष्ट्रीय दिवस **22 अगस्त** को मनाया जाता है।

**नोट:** इस दिन, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय धार्मिक हिंसा के उत्तरजीवियों तथा पीड़ितों को सम्मानित करता है। इस दिवस का उद्देश्य धर्म अथवा आस्था के आधार पर या उसके नाम पर किए गए हिंसापूर्ण कार्यों के पीड़ितों तथा उत्तरजीवी लोगों को याद करना है।

## नई नियुक्तियां

1. दिल्ली के पुलिस आयुक्त का पदभार **संजय अरोड़ा ने** ग्रहण किया।

   **नोट:** वह 2025 में सेवानिवृत्त होंगे। उन्होंने राकेश अस्थाना (गुजरात कैडर के IPS अधिकारी) की जगह ली, जो लगभग 38 वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए। उन्हें अर्धसैनिक बल भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP) का महानिदेशक नियुक्त किया गया।

2. विश्व बैंक ने भारत के लिए कंट्री डायरेक्टर (राष्ट्र निदेशक) **अगस्ते तानो कौमे को** नियुक्त किया।

   **नोट:** उन्होंने जुनैद कमाल अहमद (बांग्लादेशी अर्थशास्त्री) की जगह ली, जिन्होंने हाल ही में अपना पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा किया। उन्होंने हाल ही में विश्व बैंक के कंट्री डायरेक्टर (तुर्की) के रूप में कार्य किया। इससे पहले, उन्होंने विश्व बैंक समूह के स्वतंत्र मूल्यांकन समूह (IEG) में मानव विकास एवं आर्थिक प्रबंधन विभाग के निदेशक के तौर पर काम किया।

3. नॉइज ने अपनी आगामी स्मार्टवॉच, एक्स-फिट 2 सीरीज के लिए अपना ब्रांड एंबेसडर **वाणी कपूर को** नियुक्त किया।

   **नोट:** पिछले वर्ष, कंपनी ने ऋतिक रोशन और एक्सीड एंटरटेनमेंट के संयुक्त स्वामित्व वाले फिटनेस ब्रांड HRX के साथ साझेदारी की घोषणा की थी। इंटरनेशनल डेटा कॉरपोरेशन इंडिया के अनुसार, भारत के वियरेबल मार्केट ने 2022 की पहली तिमाही में दोहरे अंकों की वृद्धि देखी और उत्पादों का आंकड़ा 13.9 मिलियन यूनिट के पार चला गया।

4. नई दिल्ली में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार **डॉ. सुजॉय लाल थाओसेन ने** ग्रहण किया।

   **नोट:** वे 1988 बैच के मध्य प्रदेश कैडर के IPS अधिकारी हैं। उन्होंने संजय अरोड़ा से पदभार ग्रहण किया, जिन्हें हाल ही में दिल्ली पुलिस का पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया है।

5. प्रेस सूचना ब्यूरो (PIB) का प्रधान महानिदेशक **सत्येंद्र प्रकाश को** नियुक्त किया गया।
**नोट:** इससे पहले, उन्होंने केंद्रीय संचार ब्यूरो (मुख्यालय: नई दिल्ली) के प्रधान महानिदेशक के रूप में कार्य किया। उन्हें लोक संचार, मीडिया प्रबंधन, प्रशासन, नीति निर्माण तथा कार्यक्रम कार्यान्वयन के क्षेत्र में व्यापक अनुभव प्राप्त है। उन्होंने विभिन्न राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व भी किया।

6. सरकारी कंपनी ऑयल इंडिया लिमिटेड (OIL) का अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (CMD) **रंजीत रथ** को नियुक्त किया गया।
**नोट:** उन्होंने सुशील चंद्र मिश्रा की जगह ली जो 30 जून को सेवानिवृत्त हुए। अपनी नियुक्ति से पहले, उन्होंने मिनरल एक्सप्लोरेशन एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड के CMD के रूप में कार्य किया। उन्होंने खनिज विदेश इंडिया लिमिटेड के CEO, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार और भारत गोल्ड माइन्स लिमिटेड के MD के पदों पर भी कार्य किया है।

7. यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक (USFB) का MD एवं CEO **इंद्रजीत कैमोत्रा को** नियुक्त किया गया।
**नोट:** उनकी नियुक्ति को RBI तथा यूनिटी बैंक बोर्ड ने मंजूरी दी। इस नियुक्ति से पूर्व वह बैंक के अंतरिम CEO थे। कैमोत्रा को स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक, ANZ तथा सिटी बैंक में नेतृत्व के पदों पर बैंकर के रूप में 25 से अधिक वर्षों का अनुभव है। USFB सेंट्रम फाइनेंशियल सर्विसेज (सेंट्रम ग्रुप) द्वारा प्रवर्तित है और रेसिलिएंट इनोवेशन (भारतपे) इसका संयुक्त निवेशक है।

8. एक निवेश फर्म, कैटामारन का अध्यक्ष **दीपक पदाकी को** नियुक्त किया गया।
**नोट:** एम.डी. रंगनाथ इसके अध्यक्ष होंगे। पदाकी फर्म की निवेश प्रबंधन कार्यनीति के परिचालन के लिए उत्तरदायी होंगे, जिसका मिशन उद्यमियों के विचारों को प्रभावशाली व्यावसायिक परिणामों में विकसित करना है। रंगनाथ ने 2018 तक (18 वर्षों तक) इन्फोसिस में मुख्य वित्तीय अधिकारी के रूप में कार्य किया।

9. दो वर्ष के लिए वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) का महानिदेशक **डॉ. एन. कलाइसेल्वी को** नियुक्त किया गया।
**नोट:** उन्होंने शेखर मांडे की जगह ली, जो अप्रैल 2022 में सेवानिवृत्त हुए थे। वह यह पद संभालने वाली पहली महिला वैज्ञानिक हैं। वर्तमान में, वह CSIR-केंद्रीय वैद्युत रासायनिक अनुसंधान संस्थान (CSIR-CECRI) की प्रमुख हैं। वह लिथियम-आयन बैटरी के क्षेत्र में अपने काम के लिए जानी जाती हैं।

10. FIDE का उपाध्यक्ष **विश्वनाथन आनंद** को चुना गया।
**नोट:** जबकि वर्तमान अध्यक्ष, अर्काडी ड्वोर्कोविच (रूसी) दूसरे कार्यकाल के लिए पुन: निर्वाचित किए गए। आनंद को मौजूदा अध्यक्ष अर्काडी व्लादिमिरोविच ड्वोर्कोविच ने अपनी टीम के सदस्य के रूप में मनोनीत किया था। एक मस्कोवाइट, ड्वोर्कोविच को 167 मत मिले जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी एंड्री बैरीशपोलेट्स को 16 मत मिले।

11. संयुक्त विपक्षी उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को हराने के बाद भारत का 14वां उपराष्ट्रपति **जगदीप धनखड़** निर्वाचित किया गया।
**नोट:** वह एम. वेंकैया नायडू की जगह लेंगे जिनका कार्यकाल 10 अगस्त को समाप्त हो रहा है। उन्होंने उप-राष्ट्रपति चुनाव में 710 वैध मतों में से 528 मत हासिल किए।

12. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की नियुक्ति समिति (ACC) ने केंद्रीय कैबिनेट सचिव के कार्यकाल को एक वर्ष विस्तारित करने की मंजूरी दी, वर्तमान केंद्रीय कैबिनेट सचिव **राजीव गौबा** हैं।
**नोट:** विस्तार के बाद, वह 30 अगस्त, 2023 तक पद पर बने रहेंगे। उन्होंने 2019 में पी.के. सिन्हा की सेवानिवृत्ति के बाद भारत सरकार में नए कैबिनेट सचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया था। वह झारखंड कैडर (1982 बैच) के IAS अधिकारी हैं और उन्होंने केंद्रीय गृह सचिव के रूप में कार्य किया है।

**13.** कोलंबिया के पहले वामपंथी राष्ट्रपति के रूप में **गुस्तावो पेट्रो ने** शपथ ग्रहण की।

**नोट:** वह कोलंबिया के M-19 गुरिल्ला ग्रुप के पूर्व सदस्य हैं, जिसने जून 2022 में कंजर्वेटिव पार्टी के उम्मीदवार को हराकर राष्ट्रपति चुनाव जीता था। उन्होंने 2016 के शांति समझौते के शेष उपबंधों को लागू करने का वादा भी किया, जिसमें विद्रोही FARC आंदोलन ने लगभग छह दशकों के नागरिक संघर्ष के बाद हथियार रख दिए थे।

**14.** पावरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड का मुख्य वित्तीय अधिकारी (CFO) **प्रमोद कुमार को** नियुक्त किया गया

**नोट:** इससे पहले, उन्होंने कंपनी के कार्यकारी निदेशक (वित्त) के रूप में कार्य किया। उन्हें वित्त और लेखा कार्यों अर्थात कॉर्पोरेट लेखा को अंतिम रूप देना, पूंजी बजट तैयार करना आदि सहित बिजली क्षेत्र में 35 वर्षों का अनुभव है।

**15.** दूसरे कार्यकाल के लिए पुन: पापुआ न्यू गिनी का प्रधान मंत्री **जेम्स मारेप को** नियुक्त किया गया।

**नोट:** पापुआ न्यू गिनी बहुदलीय गठबंधनों द्वारा शासित है। वह मई 2019 में पंगु पाति (राजनीतिक दल) में शामिल हुए और पंगु पाति का नेतृत्व करने की घोषणा की।

**16.** तीन महीने के लिए भारत का 49वां मुख्य न्यायाधीश **न्यायमूर्ति उदय उमेश ललित** को नियुक्त किया गया।

**नोट:** वह 26 अगस्त 2022 को सेवानिवृत्त हो रहे CJI न्यायमूर्ति एन.वी. रमण की जगह लेंगे। उन्हें अगस्त 2014 में सर्वोच्च न्यायालय (SC) में न्यायाधीश नियुक्त हुए थे। वह न्यायमूर्ति एस.एम. सीकरी (13वें CJI) के बाद, बार से सीधे SC में पदोन्नत होने वाले दूसरे CJI होंगे।

**17.** पांच वर्ष (1 फरवरी, 2023 से 31 जनवरी, 2028) की अवधि के लिए पुन: भारती एयरटेल का प्रबंध निदेशक **गोपाल विट्टल को** नियुक्त किया गया।

**नोट:** उन्हें 1 फरवरी, 2018 से 5 वर्ष की अवधि (31 जनवरी, 2023 तक) के लिए प्रबंध निदेशक तथा CEO पुनर्नियुक्त किया गया था। एक परिवर्तनीय भुगतान घटक के अलावा विट्टल का निश्चित वेतन (अनुलाभों को छोड़कर) 2021-22 में 9.1 करोड़ रुपये था।

**18.** कुवैत ने 2016 के बाद **बदर अब्दुल्ला अल-मुनैख** ईरान में राजदूत नियुक्त किया।

**नोट:** उन्होंने तेहरान में ईरानी विदेश मंत्री, होसैन अमीर-अब्दोल्लाहियन को अपना प्रत्यय-पत्र सौंपा। कुवैत के विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की है कि मुनैख को ईरान में राजदूत नियुक्त किया गया। यह तब हुआ, जब सऊदी अरब, ईरान के साथ अपने संबंध सुधार रहा है।

**19.** भारत तथा पाकिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सैन्य पर्यवेक्षक समूह (UNMOGIP) के लिए मिशन प्रमुख तथा मुख्य सैन्य पर्यवेक्षक **रियर एडमिरल गिलर्मो पाब्लो रियोस** को नियुक्त किया गय।

**नोट:** उन्होंने उरुग्वे के मेजर जनरल जोस एलाडियो अल्केन की जगह ली, जिन्होंने अपना समनुदेशन पूर्ण होने के बाद पद त्याग दिया। उन्हें नेवी वारफेयर स्कूल के शिक्षा विभाग के प्रमुख (2018), मरीन इन्फैंट्री फ्लीट कमांडर (ब्रिगेड कमांडर) (2020-2021) के रूप में भी कार्य किया।

**20.** केंद्र सरकार ने IAS, शाह फैसल को **पर्यटन मंत्रालय** में उप सचिव नियुक्त किया गया है।

**नोट:** वह तत्कालीन जम्मू और कश्मीर कैडर के 2010 बैच के IAS टॉपर हैं। उन्होंने जम्मू और कश्मीर प्रशासन में विभिन्न पदों पर कार्य किया। उन्होंने जनवरी 2019 में सेवाओं से इस्तीफा दे दिया था और राजनीति में शामिल हो गए, जो उन्होंने बाद में अगस्त 2020 में छोड़ दी थी।

**21.** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव, एंटोनियो गुटेरेस ने यूनाइटेड नेशन्स फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज (UNFCCC) का नया कार्यकारी सचिव **साइमन स्टील** को नियुक्त किया गया।

**नोट:** वह मेक्सिको के पेट्रीसिया एस्पिनोसा की जगह लेंगे। उत्तरदायित्व: अंतर्राष्ट्रीय जलवायु लक्ष्यों को पूरा करने के लिए देशों को सही दिशा में ले जाना।

22. **विलियम रूटो** को केन्या का राष्ट्रपति चुना गया है।

**नोट:** उन्होंने 50.49% मतों के साथ जीत हासिल की है, तथा अनुभवी विपक्षी नेता और पूर्व प्रधान मंत्री, रैला ओडिंगा (अपना पांचवां चुनाव लड़ रहे) को हराया। इस जीत के साथ, वह आजादी के बाद केन्या के पांचवें राष्ट्रपति बन गए। उनकी पार्टी, केन्या क्वांज़ा कोएलिशन, ने केन्या की सीनेट (संसद का उच्च सदन) में भी बहुमत हासिल किया।

23. वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (FSIB) ने NABARD के अध्यक्ष पद हेतु **मोहम्मद मुस्तफा** की सिफारिश की।

**नोट:** वे 1995 बैच, उप्र कैडर के IAS अधिकारी हैं और भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) के अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक के रूप में कार्य कर चुके हैं। उन्होंने वित्तीय सेवा विभाग में संयुक्त सचिव; NHB के CMD तथा CERSAI के MD के रूप में भी कार्य किया था।

24. लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत, सात्विकसाईराज रणकीरेड्डी तथा चिराग शेट्टी ने भारत में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय सेवा कंपनी **मास्टरकार्ड** का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया।

**नोट:** प्रमुख उद्देश्य: भारत में डिजिटल भुगतान की सुरक्षा तथा सुविधा के बारे में जागरूकता फैलाना। यह साझेदारी भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) तथा प्रधानमंत्री मोदी की डिजिटल इंडिया की दूरदर्शिता के प्रयासों को मजबूत करेगी। कंपनी ने 2021 में शिव कपूर तथा अनिर्बान लाहिड़ी को भी ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया था।

25. **अनुज पोद्दार** को बजाज इलेक्ट्रिकल्स का प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त किया गया।

**नोट:** कंपनी ने मजबूत नैगमिक शासन मानकों के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक के पद को पृथक किया है। शेखर बजाज कंपनी के कार्यकारी अध्यक्ष बने रहेंगे। वित्त वर्ष 2022 में बजाज इलेक्ट्रिकल्स का टर्नओवर 4,813 करोड़ रुपये था।

26. संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अलकेश कुमार शर्मा को इंटरनेट शासन पर 10 प्रख्यात विशेषज्ञों के एक पैनल में नियुक्त किया। वह भारत के **इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी** मंत्रालय में सचिव हैं।

**नोट:** पैनल में अन्य सदस्य: विंट सर्फ, हैटम डोविदार, लिसे फ़ुहर, मारिया फ़र्नांडा गार्ज़ा, ट्रूमस हेंड्रिक इल्वेस, मारिया रेसा, कैरोलीन एडस्टैडलर, ग्बेंगा सेसन, लैन ज़ू। एजेंडा: इंटरनेट के रणनीतिक तथा अत्यावश्यक मुद्दों से निपटना और समाधान प्रदान करना।

27. बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन ने भारतीय समाजसेवी, आशीष धवन को अपने बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज में नियुक्त किया। वह **कन्वर्जेंस फाउंडेशन** कंपनी के संस्थापक तथा CEO हैं।

**नोट:** फाउंडेशन ने अमेरिका के स्पेलमैन कॉलेज की प्रेसीडेंट डॉ. हेलेन डी. गेल को भी नियुक्त किया। धवन अशोका यूनिवर्सिटी और सेंट्रल स्क्वायर फाउंडेशन के अध्यक्ष भी हैं। गेट्स फाउंडेशन स्वास्थ्य जैसे विभिन्न मुद्दों पर 2003 से भारत सरकार तथा अन्य सहयोगियों के साथ काम कर रहा है।

28. वन97 कम्युनिकेशंस के शेयरधारकों ने पेटीएम के प्रबंध निदेशक तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में **विजय शेखर शर्मा** की पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दी।

**नोट:** स्क्रूटिनाइज़र रिपोर्ट के अनुसार, 99.67% मत शर्मा की पुनर्नियुक्ति के पक्ष में थे, जबकि केवल 0.33% ने प्रस्ताव के विरुद्ध मतदान किया। विजय शेखर का पारिश्रमिक अगले तीन वर्षों तक बिना किसी वार्षिक वेतन वृद्धि के नियत रहेगा।

29. **RBL बैंक** ने गोपाल जैन तथा डॉ. शिवकुमार गोपालन को गैर-कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया।

**नोट:** गोपाल जैन: उन्होंने 2004 में गाजा कैपिटल की सह-स्थापना की और फर्म में प्रबंधन साझेदार हैं। वह 2018 से SEBI की वैकल्पिक निवेश नीति सलाहकार समिति के सदस्य भी रहे हैं। डॉ. शिवकुमार गोपालन: वे 1991 से कंप्यूटर विज्ञान

एवं अभियांत्रिकी विभाग, IIT बॉम्बे के अध्यापक रहे हैं।

30. **माली** की सेना ने कर्नल अब्दुलाये मैगा को देश का अंतरिम प्रधानमंत्री नियुक्त किया।

**नोट:** माली के असैन्य प्रधानमंत्री, चोगुएल कोकल्ला मैगा के अस्पताल में भर्ती होने के बाद उन्होंने उनकी जगह ली। इससे पहले, वह एक सरकारी प्रवक्ता तथा प्रादेशिक प्रशासन एवं विकेंद्रीकरण मंत्री थे। माली एक सेना द्वारा शासित देश है जिसने 2024 में लोकतांत्रिक चुनाव आयोजित करने का वादा किया था।

31. **देबासिसा मोहंती** को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इम्यूनोलॉजी (NII) का निदेशक नियुक्त किया गया।

**नोट:** वह वर्तमान में संस्थान में स्टाफ वैज्ञानिक हैं। एक अन्य आदेश में राजस्व सचिव तरुण बजाज को कार्पोरेट मामलों के सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। ओडिशा कैडर के 1987 बैच के IAS अधिकारी राजेश वर्मा को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का सचिव नियुक्त किया गया।

32. **क्रेडिट सुइस** निवेश बैंकिंग कंपनी ने 1 अक्टूबर, 2022 से दीक्षित जोशी को मुख्य वित्तीय अधिकारी और 19 सितंबर, 2022 से फ्रांसेस्का मैकडोनाग को समूह मुख्य परिचालन अधिकारी नियुक्त किया।

**नोट:** इससे पहले, दीक्षित जोशी ड्यूश बैंक में ग्रुप ट्रेज़रर थे और 1995 से 2003 तक क्रेडिट सुइस में भी काम किया था। उन्होंने डेविड मैथर्स की जगह ली, जिन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया।

33. 2022 एशिया कप के लिए दुबई में टीम इंडिया का अंतरिम मुख्य कोच **वी.वी.एस. लक्ष्मण** को नियुक्त किया गया।

**नोट:** BCCI ने इस फैसले की पुष्टि की, क्योंकि भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ कोविड-19 टेस्ट में पॉजिटिव पाए जाने के बाद टीम के साथ नहीं गए। रोहित शर्मा तथा के.एल. राहुल एशिया कप 2022 में क्रमशः कप्तान तथा उप-कप्तान के रूप में टीम का नेतृत्व करेंगे।

34. यूके में भारत का अगला उच्चायुक्त **विक्रम दोराईस्वामी** को नियुक्त किया गया।

**नोट:** उन्होंने पत्रकार के रूप में अपना करियर शुरू किया तथा 1992 में भारतीय विदेश सेवा (IFS) में शामिल हो गए। उन्होंने मई 1994 में हांगकांग में भारतीय दूतावास में तृतीय सचिव के रूप में भी कार्य किया था।

35. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने **डॉ. समीर वी. कामत** को उनके पदभार ग्रहण करने की तारीख से 60 वर्ष या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, अध्यक्ष नियुक्त किया।

**नोट:** वह जी. सतीश रेड्डी की जगह लेंगे, जिन्हें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का वैज्ञानिक सलाहकार नियुक्त किया गया है। वर्तमान में, वह नैवल सिस्टम एंड मैटेरियल (NS&M) के महानिदेशक हैं।

36. **के.वी. सुब्रमण्यम** को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) में भारत का कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया।

**नोट:** उनका कार्यकाल नवंबर 2022 से शुरू होगा और तीन वर्ष की अवधि या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, तक जारी रहेगा। वह ED (भारत), IMF के रूप में प्रख्यात अर्थशास्त्री, सुरजीत एस. भल्ला की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल 31 अक्टूबर, 2022 को समाप्त होगा।

37. भारत के पहले प्रीमियम खेल अनुभव एवं यात्रा मंच, ड्रीमसेटगो ने **सौरव गांगुली** को अपना पहला ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया।

**नोट:** वह मैनचेस्टर सिटी, चेल्सी एफसी, ICC ट्रैवल इत्यादि के साथ DSG की प्रमुख साझेदारी के माध्यम से उसके विशिष्ट अनुभवों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। ड्रीमसेटगो ICC पुरुष T20 विश्व कप ऑस्ट्रेलिया 2022 का 'आधिकारिक ट्रैवल एजेंट' और ऑस्ट्रेलियन ओपन 2023 का 'आधिकारिक टूर ऑपरेटर' बन गया। ड्रीमसेटगो की स्थापना 2019 में मनीष शाह ने की थी।

38. नीतीश कुमार-राजद के नेतृत्व वाले महागठबंधन से बिहार विधानसभा का अध्यक्ष **राजद के वरिष्ठ विधायक अवध बिहारी चौधरी** को चुना गया।

**नोट:** बिहार में बदले राजनीतिक परिदृश्य में अध्यक्ष (स्पीकर) पद से विजय कुमार सिन्हा के इस्तीफे के बाद चुनाव आवश्यक था।

**39.** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI) का चौथा पूर्णकालिक सदस्य (WTM) **अनंत नारायण गोपालकृष्णन** को नियुक्त किया गया।

**नोट:** उन्हें 3 वर्ष की प्रारंभिक अवधि के लिए नियुक्त किया गया है। अन्य WTM: एस.के. मोहंती, अश्विनी भाटिया, अनंत बरुआ। एस.पी. जैन से पूर्व, नारायण स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक में आसियान तथा दक्षिण एशिया के लिए क्षेत्रीय वित्तीय बाजार प्रमुख थे।

**40.** लग्जरी कार निर्माता, मर्सिडीज-बेंज ने 1 जनवरी, 2023 से भारतीय कार्य-संचालन का प्रबंध निदेशक एवं CEO **संतोष अय्यर** को नियुक्त किया गया।

**नोट:** वह वर्तमान में बिक्री एवं विपणन के उपाध्यक्ष हैं। वह मार्टिन श्वेंक की जगह लेंगे जो मर्सिडीज-बेंज थाईलैंड के अध्यक्ष तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी का कार्यभार संभालेंगे। वह 2016 में मर्सिडीज-बेंज में ग्राहक सेवा एवं खुदरा प्रशिक्षण कार्य के उपाध्यक्ष के रूप में शामिल हुए।

## महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने **चित्तौड़गढ़** शहर में बड़ी सादड़ी-उदयपुर सिटी ट्रेन सेवा का उद्घाटन किया।

   **नोट:** रेल मंत्री ने बड़ी सादड़ी-मावली गेज रूपांतरित रेल खंड का उद्घाटन किया। जबकि, रीवा-उदयपुर सिटी स्पेशल और पश्चिम बंगाल में सिउड़ी-सियालदह-सिउड़ी ट्रेन सेवा वर्चुअली लॉन्च की। जो रेलवे स्टेशन इस समय पुनर्विकास के चरण में हैं, उन्हें अगले 50 वर्षों को ध्यान में रखते हुए एक योजना के साथ बनाया जा रहा है।

2. सरकार ने देश में मंकीपॉक्स की उभरती स्थिति पर बारीक नजर हेतु पर एक टास्क फोर्स का गठन किया। इस टास्क फोर्स के अध्यक्ष **डॉ. वी.के. पॉल, नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य)** हैं।

   **नोट:** टास्क फोर्स देश में नैदानिक सुविधाओं के विस्तार पर सरकार को मार्गदर्शन प्रदान करेगी और बीमारी के टीकाकरण संबंधी उभरती प्रवृत्तियों का पता लगाएगी। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने हाल ही में मंकीपॉक्स को वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया है।

3. इस्पात मंत्रालय ने **ज्योतिरादित्य सिंधिया** की अध्यक्षता में द्वितीयक इस्पात के लिए एक सलाहकार समिति गठित की।

   **नोट:** उद्देश्य: इस्पात क्षेत्र विशेष रूप से द्वितीयक इस्पात उद्योग से संबंधित समस्याओं की पहचान करना और उन पर विचार-विमर्श करना। राष्ट्र के इस्पात उत्पादन में द्वितीयक इस्पात की हिस्सेदारी 55% (2015) के स्तर से तेजी से गिरकर 40% (अब) हो गई है। द्वितीयक इस्पात क्षेत्र में कोल इंडिया से कोयले के अधिक आवंटन की आवश्यकता है।

4. **टाटा ग्रुप** सितंबर 2022 से वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के लिए 'फर्स्ट इन इंडिया' सीटिंग सिस्टम लॉन्च करेगी।

   **नोट:** कंपनी FY26 तक R&D पर 3,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना भी बना रही है। टाटा स्टील के संयोजित डिवीजन को वंदे भारत एक्सप्रेस के सीटिंग सिस्टम के लिए 145 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। इसमें 22 ट्रेनों (प्रत्येक ट्रेन सेट में 16 कोच) के लिए पूरे सीटिंग सिस्टम की आपूर्ति शामिल है। ये विशेष सीटें 180 डिग्री घूम सकती हैं।

5. जनबल आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु **एयर इंडिया** ने पायलटों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाकर 65 कर दी।

**नोट:** पहले, AI पायलटों की सेवानिवृत्ति आयु 58 वर्ष थी, लेकिन अब सेवानिवृत्ति के बाद आयु 5 वर्ष के लिए अनुबंध के आधार पर 65 वर्ष तक बढ़ाई जा सकती है। DGCA भी पायलटों को 65 वर्ष की आयु तक विमान उड़ाने की अनुमति देता है।

**6.** निर्यात में कमी तथा आयात में वृद्धि के साथ, जुलाई 2022 में भारत का व्यापार घाटा **31 बिलियन डॉलर** दर्ज किया गया।

**नोट:** वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, जुलाई 2022 में व्यापारिक निर्यात पांच महीने के निचले स्तर 35.2 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया, जबकि आयात कम होकर 66 बिलियन डॉलर हो गया। यह पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने में 10.63 बिलियन अमेरिकी डॉलर से लगभग तीन गुना हो गया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री: पीयूष गोयल

**7.** भारतीय परामर्श कंपनी कोलमिंट द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, **रूस** देश जुलाई 2022 में भारत का तीसरा सबसे बड़ा कोयला आपूर्तिकर्ता बन गया।

**नोट:** इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया तथा अमेरिका के बाद रूस ऐतिहासिक रूप से भारत के लिए कोयले का छठा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता रहा है, जिसमें मोज़ाम्बिक और कोलंबिया बारी-बारी से शीर्ष पांच में शामिल हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद से रूस से भारत का आयात लगभग पांच गुना बढ़कर $15 बिलियन से अधिक हो गया है।

**8.** भारत ने रामसर सूची में 10 और स्थल शामिल किए हैं, इससे देश में ऐसे स्थलों की कुल संख्या **64** हो गई है।

**नोट:** 10 नए आर्द्रभूमि स्थल तमिलनाडु, गोवा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश तथा ओडिशा से हैं।तमिलनाडु: कुंथनकुलम पक्षी अभयारण्य, मन्नार की खाड़ी समुद्री बायोस्फीयर रिजर्व; वेम्बन्नूर वेटलैंड कॉम्प्लेक्स; वेलोड पक्षी अभयारण्य; वेदंथंगल पक्षी अभयारण्य; उदायामार्थान्दपुरम पक्षी अभयारण्य

- ओडिशा: सत्कोसिया गोर्ग
- गोवा: नंदा झील
- कर्नाटक: रंगानाथिट्टू पक्षी अभयारण्य
- मध्य प्रदेश: सिरपुर आर्द्रभूमि

**9.** युवा केंद्रित सक्रियता बनाने के लिए 'बढ़े चलो' नामक अमृत महोत्सव का आयोजन **संस्कृति मंत्रालय** ने किया।

**नोट:** यह 5 से 11 अगस्त 2022 तक हर दिन 10 शहरों में आयोजित किया जाएगा। दस स्थान: लाल चौक, एश्त्ले हॉल, आकाशदीप मार्केट, सेंट्रल मॉल, तेलीबंध ता लाब, सीएमआर मॉल, गौरव टॉवर, महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय, अल्फा वन मॉल तथा केशव वाटिका। इन आयोजनों का समापन 12 अगस्त को नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में होगा।

**10.** **भारतीय नौसेना** ने समुद्र विज्ञान तथा मौसम विज्ञान में डेटा साझा करने और उपग्रह आधारित नौसैनिक अनुप्रयोगों पर सहयोग के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (SAC) के साथ एक MoU पर हस्ताक्षर किए।

**नोट:** यह MoU 2017 में हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन का विस्तार है। उद्देश्य: उपग्रह डेटा पुन: प्राप्ति तथा अनुप्रयोगों के क्षेत्र में त्वरित विकास।

**11.** मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, भारत के कौन से राज्य सर्वाधिक बिजली सब्सिडी बिल प्रदान करने वाले शीर्ष राज्य **मध्य प्रदेश, राजस्थान और कर्नाटक** हैं, जिसका कुल मूल्य 48,248 करोड़ रुपये (36.4%) है।

**नोट:** मध्य प्रदेश ने 2018-19 और 2020-21 के बीच 47,932 करोड़ रुपये और राजस्थान ने 40,278 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। 2014 से अब तक लगभग 1,70,000MW विद्युत उत्पादन बढ़ाया गया है।

**12.** GeM पोर्टल पर सहकारी समितियों की ऑनबोर्डिंग **गृहमंत्री अमित शाह** ने ई-लॉन्च की, अब सभी पात्र सहकारी समितियां गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (GeM) पोर्टल पर ऑर्डर दे सकेंगी।

**नोट:** कुल 589 सहकारी समितियों को ऑनबोर्डिंग का पात्र चुना गया है। भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ

ने 100 करोड़ रुपये के टर्नओवर तथा जमा राशि वाली सहकारी समितियों का डेटा तैयार किया है। एंड-टू-एंड ऑनलाइन मार्केटप्लेस प्रदान करने के लिए GeM को राष्ट्रीय खरीद पोर्टल के रूप में स्थापित किया गया है।

**13.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने **पानीपत, हरियाणा** राज्य में दूसरी पीढ़ी (2G) का इथेनॉल संयंत्र राष्ट्र को समर्पित किया।

**नोट:** 2G इथेनॉल संयंत्र का निर्माण इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा 900 करोड़ रुपये से अधिक की अनुमानित लागत से किया गया है। यह परियोजना प्रति वर्ष लगभग तीन करोड़ लीटर इथेनॉल उत्पन्न करने के लिए हर वर्ष लगभग दो लाख टन चावल की पुआल (पराली) का उपयोग करेगी। यह ग्रीनहाउस गैसों को कम करने में भी योगदान देगा।

**14.** **गूगल** ने भारत की आजादी के 75 वर्ष के उपलक्ष्य में 'इंडिया की उड़ान' परियोजना शुरू की।

**नोट:** इसे गूगल आर्ट्स एंड कल्चर द्वारा कार्यान्वित किया गया था। यह 'पिछले 75 वर्षों में भारत की अटूट तथा अमर भावना' विषय पर आधारित है। यह परियोजना भारत की कहानी बताने के लिए समृद्ध अभिलेखागार तथा कलात्मक चित्रों का उपयोग करेगी।

**15.** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने फिल्मों के सह-निर्माण को बढ़ावा देने हेतु भारत तथा **ऑस्ट्रेलिया** देश के बीच एक ऑडियो-विजुअल (AV) सह-निर्माण समझौते पर हस्ताक्षर को मंजूरी दी।

**नोट:** इस एकछत्र समझौते के अंतर्गत, निजी, अर्ध-सरकारी या सरकारी एजेंसियां साथ मिलकर फिल्मों का निर्माण करने के लिए अनुबंध करती हैं। अब तक भारत ने विदेशों के साथ 15 ऑडियो विजुअल सह-निर्माण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। ऑस्ट्रेलिया भारतीय फिल्मों की शूटिंग के लिए एक पसंदीदा स्थान बनकर उभरा है।

**16.** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह द्वारा अनावरित भारत की पहली खारे पानी की लालटेन -- **रोशनी।**

**नोट:** यह विशेष रूप से डिजाइन किए गए LED लैंप को जलाने के लिए समुद्र के पानी का उपयोग करती है। यह भारत की 7500 किमी लंबी तटीय रेखा के किनारे आवासित मछुआरा समुदाय की आजीविका को आसान बनाएगी। खारे पानी से संचालित 'रोशनी' LED लैंप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उजाला योजना को बढ़ावा देगी और पूरा करेगी। इसे राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान (NIOT), चेन्नई द्वारा विकसित किया गया है।

**17.** राष्ट्रीय ग्रामीण सहकारी बैंक सम्मेलन के दौरान देश में सभी प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (PACS) के संचालन हेतु **गृह मंत्री अमित शाह** ने आदर्श उप-नियम जारी करने की घोषणा की।

**नोट:** यह सहकारिता मंत्रालय तथा नेशनल फेडरेशन ऑफ स्टेट कोऑपरेटिव बैंक (NAFSCOB) द्वारा विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। वर्तमान में 95,000 से अधिक PACS हैं, जिनमें से केवल 63,000 PACS ही कार्यशील हैं।

**18.** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री, वीरेंद्र कुमार ने नई दिल्ली में 'SMILE' पहल शुरू की।

**नोट:**इसका उद्देश्य शहरों, कस्बों तथा नगरपालिका क्षेत्रों को भीख मुक्त बनाना तथा विभिन्न हितधारकों की समन्वयित कार्यवाही के माध्यम से भीख मांगने के कार्य में संलग्न व्यक्तियों के व्यापक पुनर्वास की कार्यनीति तैयार करना है। SMILE-75 का कुल बजट: 2025-26 तक 100 करोड़ रुपये।

**19.** भारत ने रामसर स्थलों की सूची में 11 और आर्द्रभूमि शामिल की हैं। भारत में रामसर स्थलों की कुल संख्या **75** है।

**नोट:** इन 11 नए स्थलों में से तमिलनाडु में 4, ओडिशा में 3, जम्मू-कश्मीर में 2 तथा मप्र एवं महाराष्ट्र में 1-1 स्थल हैं। 2022 में कुल 28 स्थलों को रामसर स्थल घोषित किया गया। सर्वाधिक रामसर स्थल तमिलनाडु (14) में, उसके बाद उप्र (10) में हैं।

**20.** **कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (APEDA)** ने 2022-2023 खरीफ फसल

मौसम के दौरान जलवायु आधारित उपज प्रतिरूपण का उपयोग करते हुए रकबे का अनुमान लगाने, फसल के स्वास्थ्य तथा सुगंधित एवं बड़े दाने के चावल की अपेक्षित उपज के आकलन हेतु बासमती फसल सर्वेक्षण शुरू किया।

**नोट:** इसे बासमती एक्सपोर्ट डेवलपमेंट फाउंडेशन (BEDF), APEDA के अंतर्गत कार्यान्वित किया जा रहा है। अंतिम सर्वेक्षण रिपोर्ट दिसंबर 2022 तक पूरी की जाएगी। भारत ने पिछले तीन वर्षों में USD 12 बिलियन के बासमती का निर्यात किया है।

**21.** जम्मू-कश्मीर के **रियासी जिला** में विश्व के सबसे ऊंचे रेलवे पुल 'गोल्डन ज्वाइंट' का उद्घाटन किया गया।

**नोट:** पुल के जोड़ विश्व के सबसे ऊंचे रेलवे पुल के ऊपरी भाग के दो सिरों को संयोजित कर रहे हैं। चिनाब नदी पर बना यह पुल एफिल टॉवर से 35 मीटर ऊंचा होगा (परियोजना समाप्त होने के बाद)। उद्देश्य: यह कश्मीर घाटी को सीधा संपर्क प्रदान करेगा।

**22.** ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ONDC) में शामिल होने वाली पहली वैश्विक बिग टेक कंपनी **माइक्रोसॉफ्ट है।**

**नोट:** ONDC अपनी तरह का पहला ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स विकसित करने के लिए भारत सरकार की एक पहल है। माइक्रोसॉफ्ट ने इस वर्ष के अंत तक भारतीय बाजार में अपने ऐप के माध्यम से सोशल ई-कॉमर्स को पेश करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। प्रारंभ में, नेटवर्क ने दिल्ली, बेंगलुरु, कोयंबटूर, भोपाल और शिलांग में अपनी प्रायोगिक परियोजना शुरू की।

**23.** राष्ट्रीय राजमार्ग अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (NHIDCL) ने भारत को कौशल राजधानी बनाने की दिशा में योगदान देने वाली कई पहल शुरू करने के लिए **राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC)** के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

**नोट:** हस्ताक्षरकर्ता: NHIDCL के MD, चंचल कुमार तथा NSDC के COO एवं कार्यवाहक CEO, वेद मणि तिवारी। NHIDCL सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी है। NSDC कौशल विकास मंत्रालय के अंतर्गत PPP मॉडल है।

**24.** **आयुष मंत्रालय** ने 3 वर्ष के लिए आयुष ग्रिड परियोजना के अंतर्गत आयुष क्षेत्र के डिजिटलीकरण हेतु आयुष मंत्रालय को तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के साथ MoU पर हस्ताक्षर किए।

**नोट:** मंत्रालय द्वारा संपूर्ण क्षेत्र के लिए एक व्यापक IT आधार के निर्माण हेतु 2018 में आयुष ग्रिड परियोजना शुरू की गई थी। संपूर्ण आयुष क्षेत्र के डिजिटलीकरण से सभी स्तरों पर स्वास्थ्य सेवा वितरण क्षेत्र में इसका रूपांतरण होगा।

**25.** एशिया तथा ओशिनिया क्षेत्र के लिए अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (ITU) के क्षेत्रीय मानकीकरण फोरम की मेजबानी **संचार मंत्रालय** द्वारा की गई।

**नोट:** विषय: 'Regulatory and Policy aspects of Telecommunications' संचार राज्य मंत्री देवुसिंह चौहान ने क्षेत्रीय मानकीकरण फोरम का उद्घाटन किया। नीति एवं नियामक परिप्रेक्ष्य से एक अंतर्दृष्टि प्रदान करने के लिए, फोरम में 20 देशों के 250 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए।

**26.** **भारतीय निर्वाचन आयोग (ECI), भारत** ने 'मेकिंग अवर इलेक्शन्स इन्क्लूशिव, एक्सेसिबल, एंड पार्टिशिपेटिव' विषय पर 11 अगस्त, 2022 को 'एशियाई क्षेत्रीय मंच' की वर्चुअल बैठक की मेजबानी की।

**नोट:** यह क्षेत्रीय मंच बैठक "समिट फॉर इलेक्टोरल डेमोक्रेसी" की पूर्ववर्ती थी जिसे आगामी महीने में मेक्सिको के राष्ट्रीय निर्वाचन संस्थान द्वारा आयोजित किया जाएगा।भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त: राजीव कुमार

**27.** भारत सरकार ने अटल पेंशन योजना (APY) के नियमों को संशोधित किया, ये नियम **1 अक्टूबर, 2022** से प्रभावी होंगे।

**नोट:** कोई भी नागरिक जो आयकरदाता है या रहा है, APY में शामिल होने का पात्र नहीं होगा। यदि कोई आयकरदाता 1 अक्टूबर, 2022 को या उसके बाद APY योजना में शामिल होता है, तो APY खाता बंद करने के लिए संभाव्य होगा। वर्तमान में, भारत के 18-40 वर्ष के आयु वर्ग के सभी नागरिक कर-भुगतान स्थिति के निरपेक्ष इस योजना में शामिल होने के पात्र हैं।

28. **स्पेस किड्ज इंडिया** ने स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) के अवसर पर पृथ्वी से लगभग 30 किमी ऊपर भारतीय ध्वज फहराया।

    **नोट:** ध्वज को एक गुब्बारे पर ग्रह से 1 लाख 6 हजार फीट की ऊंचाई पर भेजा गया था जिसने इसे फहराया। स्पेस किड्ज इंडिया देश के लिए 'युवा वैज्ञानिक' तैयार कर रहा है। संगठन ने पृथ्वी की निचली कक्षा में एक उपग्रह प्रक्षेपित किया। AzadiSAT को स्वतंत्रता के 75 वर्ष के उपलक्ष्य में भारत की 750 छात्राओं द्वारा बनाया गया था।

29. इंडिया इंटरनेशनल सीफूड शो (IISS) का **23वां** संस्करण 15-17 फरवरी, 2023 तक बिस्व बांग्ला मेला प्रांगण, कोलकाता में आयोजित किया जाएगा।

    **नोट:** समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (MPEDA) ने इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए भारतीय समुद्री खाद्य निर्यातक संघ (SEAI) के साथ मिलकर काम किया है। यह कार्यक्रम भारतीय निर्यातकों तथा भारतीय समुद्री उत्पादों के विदेशी आयातकों के बीच एक आदर्श अन्योन्यक्रिया मंच प्रदान करेगा।

30. इप्सोस इंडिया द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार, सुरक्षा **बल** देश का सबसे विश्वसनीय संस्थान है।

**नोट:** इसे स्नायु विज्ञान तथा चिकित्सा के क्षेत्र में दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित सम्मानों में से एक माना जाता है। यह सम्मान अमेरिकन एकेडमी ऑफ न्यूरोलॉजिस्ट (AAN) द्वारा दुनिया के बहुत कम न्यूरोलॉजिस्ट को स्नायु विज्ञान के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान देने के लिए प्रदान किया गया है। वे सिद्धार्थ मेडिकल कॉलेज, विजयवाड़ा में न्यूरोलॉजी के प्रोफेसर तथा HOD हैं।

**5.** फहमिदा अजीम जिन्हें सचित्र रिपोर्टिंग तथा व्याख्यात्मक श्रेणी के अंतर्गत 2022 पुलित्जर पुरस्कार के लिए चुना गया, **बांग्लादेश** से संबंधित हैं।
**नोट:** वर्तमान में, वह अमेरिका की इनसाइडर ऑनलाइन पत्रिका के लिए काम कर रही है। वह इनसाइडर के चार पत्रकारों- एंथनी डेल कोल, जोश एडम्स और वॉल्ट हिक्की में से हैं, जिन्हें चीन द्वारा उइगरों के उत्पीड़न पर उनके काम के लिए चुना गया। फहमिदा अजीम एक चित्रकार तथा कहानीकार हैं। उनका काम पहचान, संस्कृति तथा स्वायत्तता के विषयों पर केंद्रित है।

**6.** वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की को 2022 लिबर्टी मेडल से सम्मानित किया जाएगा, वह किस **यूक्रेन** के राष्ट्रपति हैं।
**नोट:** नेशनल कॉन्स्टिट्यूशन सेंटर ने घोषणा की है कि ज़ेलेंस्की को अक्टूबर 2022 में एक समारोह में रूसी अत्याचार के विरुद्ध स्वतंत्रता के प्रति उनकी वीरतापूर्ण प्रतिरक्षा के लिए सम्मानित किया जाएगा। लिबर्टी मेडल की शुरुआत 1988 में अमेरिकी संविधान के द्विशतवर्ष के उपलक्ष्य में की गई थी। यह उन व्यक्तियों को दिया जाता है जो दुनिया भर के लोगों के लिए स्वतंत्रता रूपी वरदान को सुरक्षित करने का प्रयास करते हैं।

**7.** शरणार्थियों के स्वागत के प्रयासों के लिए 2022 यूनेस्को शांति पुरस्कार से **पूर्व जर्मन चांसलर, एंजेला मर्केल** को सम्मानित किया गया।
**नोट:** 2015 में, मर्केल ने यूरोप में प्रवेश कर रहे शरणार्थियों (सीरिया, इराक, अफगानिस्तान तथा इरिट्रिया) के लिए जर्मन सीमाएं खोल दी थीं। इस सम्मान को आधिकारिक तौर पर फेलिक्स हौफौएट-बोइग्ने- यूनेस्को पीस प्राइज़ कहा जाता है।

**8.** नीति आयोग ने उत्तराखंड में **हरिद्वार** को पांच मानकों पर सर्वोत्तम आकांक्षी जिला घोषित किया और उसे 3 करोड़ रुपये का अतिरिक्त आवंटन प्राप्त करने का हकदार बताया।
**नोट:** हरिद्वार जिला केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को आवंटित किया गया है। आवंटित राशि का उपयोग रुड़की के अस्पतालों तथा जिला अस्पताल हरिद्वार सहित स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के लिए किया जाएगा। नीति आयोग के उपाध्यक्ष: सुमन बेरी; CEO: परमेश्वरन अय्यर

**9.** **दिविता राय** ने मिस डीवा यूनिवर्स 2022 का प्रतिष्ठित खिताब जीता।
**नोट:** तेलंगाना की प्रज्ञा अय्यागरी को LIVA मिस डीवा सुपरनैशनल 2022 का ताज पहनाया गया। ओजस्वी शर्मा को LIVA मिस पॉपुलर चॉइस 2022

चुना गया। संधू को भी विश्व स्तर पर भारत को गौरवान्वित करने की उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए टाइम्स ऑफ इंडिया ग्रुप के स्वामित्व द्वारा प्राइड ऑफ इंडिया ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

10. **शेरशाह** फिल्म को सर्वश्रेष्ठ फिल्म के लिए 67वें फिल्मफेयर पुरस्कार 2022 से सम्मानित किया गया।

**नोट:**

- इस फिल्म का निर्देशन विष्णुवर्धन ने किया था, जिन्होंने शेरशाह के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार जीता।
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता: रणवीर सिंह (फिल्म 83) (कपिलदेव के रूप में)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री: कृति सैनन (फिल्म-मिमी) (मिमी राठौर के रूप में)
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता: पंकज त्रिपाठी (मिमी)
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री: साईं ताम्हनकर (मिमी)
- फिल्मफेयर आजीवन उपलब्धि पुरस्कार: सुभाष घई

11. **SBI, PNB और बैंक ऑफ इंडिया** को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनकारी बैंकों की श्रेणी में एग्री इंफ्रा फंड पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**नोट:** नरेंद्र सिंह तोमर (कृषि मंत्री) ने बैंकों तथा राज्य सरकारों को सम्मानित करने के लिए विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत एग्री इंफ्रा फंड पुरस्कार प्रदान किए। बैंकों के मूल्यवान योगदान की श्रेणी: बैंक ऑफ बड़ौदा, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक और कोटक महिंद्रा।

- सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ता राज्य: मध्य प्रदेश
- <u>**PACS आवेदन:**</u>
- स्वीकृति में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ता: आंध्र प्रदेश
- शीघ्र निपटान में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ता: कर्नाटक

12. वह भारतीय-अमेरिकी किशोरी, जिसे न्यू जर्सी में मिस इंडिया यूएसए 2022 के खिताब से **आर्या वालवेकर (वर्जीनिया) को** नवाजा गया।

**नोट:** वह एर्वी साइज मूवमेंट में मेंटल हेल्थ एंड बॉडी पॉजिटीविटी हेल्थ की समर्थक हैं और उन्होंने विभिन्न जागरूकता अभियान चलाए हैं। वह यूफोरिया डांस स्टूडियो की संस्थापक भी हैं, जो स्थानीय बच्चों को कम कीमत पर डांस सिखाता है।वाशिंगटन की अक्षी जैन को मिसेज इंडिया यूएसए का ताज पहनाया गया। न्यूयॉर्क की तन्वी ग्रोवर को मिस टीन इंडिया यूएसए का ताज पहनाया गया।

13. भारतीय प्रोफेसर, **रामाधर सिंह को** अमेरिका में सोसाइटी फॉर पर्सनैलिटी एंड सोशल साइकोलॉजी (SPSP) की 'हेरिटेज वॉल ऑफ फेम' के लिए चुना गया।

**नोट:** वर्तमान में, वह अमृत मोदी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, अहमदाबाद में प्रोफेसर हैं। ओहायो स्टेट यूनिवर्सिटी, कोलंबस ने रामाधर सिंह को 'हेरिटेज वॉल ऑफ फेम' में शामिल करने के लिए चुना था। SPSP की स्थापना 1974 में हुई थी, यह व्यक्तित्व तथा सामाजिक मनोविज्ञानियों का विश्व का सबसे बड़ा संगठन है।

14. 14वें दलाई लामा (तिब्बती आध्यात्मिक नेता) को 'dPal rNgam Duston' पुरस्कार से सम्मानित किया गया, यह केंद्र शासित प्रदेश **लद्दाख** का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है।

**नोट:** कारण: मानवता विशेष रूप से केंद्र शासित प्रदेश के प्रति उनका असीम योगदान। छठा पुरस्कार लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद (LAHDC), लेह द्वारा प्रदान किया गया। 'dPal rNgam Duston' लद्दाख के नायकों के उल्लेखनीय योगदान तथा उपलब्धि का उत्सव है।

15. प्रसिद्ध बांग्लादेशी वास्तुकार, जो प्रतिष्ठित लिस्बन ट्राइनेल मिलेनियम बीसीपी लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड जीतने वाली वैश्विक दक्षिण की पहली व्यक्ति तथा पहली दक्षिण एशियाई बनीं।

**नोट:** लिस्बन ट्राइनेल के दौरान पुरस्कार के रूप में उन्हें पुर्तगाली कलाकार एवं मूर्तिकार कार्लोस नोगुएरा द्वारा एक मूल कलाकृति दी जाएगी। मरीना तबस्सुम को उनकी वास्तुशिल्प डिजाइनों के लिए जाना जाता है जो व्यापारिकता से अलग हैं तथा पर्यावरण संबंधी समस्याओं को गहराई से सन्निहित करते हैं।

16. वरिष्ठ कांग्रेसी नेता **शशि थरूर** के लेखन तथा भाषणों के लिए फ्रांस के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार शेवेलियर डे ला लीज़न डी'हॉनर से सम्मानित किया जाएगा।

**नोट:** 2010 में, उन्हें स्पेन की सरकार से भी ऐसा ही सम्मान मिला था, जब स्पेन के राजा ने उन्हें एन्कोमिएन्डा डी ला रियल ऑर्डर एस्पनोला डी कार्लोस III प्रदान किया था। वह दो बार के लोकसभा सांसद (तिरुवनंतपुरम निर्वाचन क्षेत्र) हैं।

## खेल समाचार

1. ओलंपिक पदक विजेता, मैराज अहमद खान ने पहली दिग्विजय सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप में **स्कीट** खेल की पुरुषों की श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता।

**नोट:** रैजा ढिल्लों ने महिलाओं की स्कीट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। पुरुष वर्ग में मध्य प्रदेश के अर्जुन ठाकुर ने रजत और पंजाब के गुरजोत सिंह ने कांस्य पदक जीता। ढिल्लों ने पंजाब की परिनाज धालीवाल पर जूनियर महिला स्कीट प्रतियोगिता जीतकर दोहरा स्वर्ण पदक जीता।

2. भारतीय भारोत्तोलक, अचिंता शेउली ने पुरुषों की **73 किग्रा** श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता।

**नोट:** एरी हिदायत मोहम्मद (मलेशिया) ने कुल 303 किग्रा के साथ रजत पदक जीता, जबकि डार्सिग्नी (कनाडा) ने कुल 298 किग्रा के साथ कांस्य पदक जीता है। इससे पहले मीराबाई चानू और जेरेमी लालरिनुंगा ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि बिंद्यारानी देवी तथा संकेत सरगर ने रजत और गुरुराजा पुजारी ने कांस्य पदक जीता।

3. **इंग्लैंड** टीम ने वेम्बली स्टेडियम में यूरोपीय चैंपियनशिप के फाइनल में जर्मनी को 2-1 से हराकर अपना पहला बड़ा महिला फुटबॉल खिताब जीता।

**नोट:** क्लोए केली (इंग्लैंड) ने महिला यूरोपीय चैंपियनशिप फाइनल में जर्मनी को 2-1 से हराकर घरेलू धरती पर रिकॉर्ड भीड़ के सामने अपना पहला बड़ा खिताब जीता। इंग्लैंड के कोच, सरीना वीगमैन ने दो अलग-अलग टीमों (इंग्लैंड और नीदरलैंड) के साथ यूरो जीतने वाली पहली मैनेजर बनकर इतिहास रचा।

4. बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में महिला जूडो के 48 किग्रा वर्ग में रजत पदक **सुशीला देवी ने** जीता।

**नोट:** राष्ट्रमंडल खेलों में यह उनका दूसरा रजत पदक है, उन्होंने राष्ट्रमंडल खेल 2014 में अपना पहला रजत पदक जीता। विजय कुमार यादव ने CWG 2022 में पुरुष जूडो- 60 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। भारोत्तोलन में, हरजिंदर कौर ने महिलाओं के 71 किग्रा वर्ग (212 किग्रा (स्नैच - 93 किग्रा; क्लीन एंड जर्क - 119 किग्रा)) में कांस्य पदक जीता।

5. भारत की महिला टीम ने **दक्षिण अफ्रीका** टीम को हराकर लॉन बाउल्स में पहला स्वर्ण पदक जीता।

**नोट:** लॉन बाउल्स महिला टीम: नयनमोनी सैकिया, पिंकी, लवली चौबे और रूपा रानी तिर्की। पुरुषों की टेबल टेनिस टीम ने सिंगापुर को हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारोत्तोलक, विकास ठाकुर ने पुरुषों के 96 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता। भारत की मिश्रित बैडमिंटन टीम को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

6. बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेल 2022 में जूडो में महिलाओं के 78 किग्रा वर्ग में रजत पदक **तूलिका मान ने** जीता।

**नोट:** इस राष्ट्रमंडल खेलों में जूडो में भारत का यह तीसरा पदक है। भारतीय भारोत्तोलक गुरदीप सिंह ने पुरुषों के 109+ किग्रा फाइनल में कांस्य पदक जीता। भारत के सौरव घोषाल ने स्क्वैश पुरुष एकल में कांस्य पदक जीता। भारत के तेजस्विन शंकर ने कांस्य पदक जीता, CWG 2022 में पुरुषों की ऊंची कूद में एथलेटिक्स में भारत का पहला पदक।

7. पैरा-पावरलिफ्टर **सुधीर ने** बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल में 212 किग्रा भार उठाकर इकेचुकवु ओबिचुकवु (नाइजीरिया) को हराकर पुरुषों के हैवीवेट में स्वर्ण पदक जीता।

**नोट:** उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में पैरा-पावरलिफ्टिंग में भारत का पहला स्वर्ण जीता। भारत के एम. श्रीशंकर ने पुरुषों की लंबी कूद में रजत पदक जीता। भारत के सौरव घोषाल ने स्क्वैश पुरुष एकल में कांस्य पदक जीता।

8. **कुश्ती खेलरी** साक्षी मलिक तथा दीपक पूनिया ने बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेल 2022 में दोहरा स्वर्ण पदक हासिल किया।

**नोट:** साक्षी मलिक महिला फ्रीस्टाइल 62 किग्रा वर्ग में पोडियम पर शीर्ष पर रही, जबकि दीपक पुनिया ने पुरुषों की फ्रीस्टाइल 86 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। साक्षी का सामना पैन अमेरिकन चैंपियन कनाडा की एना पाउला गोडिनेज गोंजालेज से स्वर्ण पदक के मैच में हुआ।

9. भारतीय पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी, जिन्होंने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में पैरा टेबल टेनिस महिला एकल में स्वर्ण पदक **भाविना पटेल ने** जीता।

**नोट:** उन्होंने नाइजीरिया की इफेचुकुडे क्रिस्टियाना इकपोयी को क्लास 3-5 में हराया। **अन्य विजेता:** भारतीय पैरा टीटी खिलाड़ी, सोनलबेन मनुभाई पटेल ने महिला एकल क्लास 3-5 में कांस्य पदक जीता।सौरव घोषाल और दीपिका पल्लीकल ने स्क्वैश मिश्रित युगल में कांस्य जीता। विनेश फोगाट ने महिला फ्रीस्टाइल 53 किग्रा नॉर्डिक श्रेणी में स्वर्ण जीता।

10. रोमानिया के बाया मारे में लिम्पेडिया ओपन जीतकर भारत के 75वें ग्रैंडमास्टर **वी. प्रणव** बने।

**नोट:** उन्होंने अपना पहला ग्रैंडमास्टर मानदंड 2021 में सर्बिया ओपन में जीता था और दूसरा जून 2022 में बुडापेस्ट, हंगरी में वेज़रकेपज़ो ग्रैंडमास्टर राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट में जीता था। वह तमिलनाडु से 27वें ग्रैंडमास्टर हैं (इस सूची में विश्वनाथन आनंद, डी.गुकेश और आर. प्रगानंनधा शामिल हैं)।

11. **भारत** देश ने भुवनेश्वर, ओडिशा के कलिंग स्टेडियम में खेले गए फाइनल में बांग्लादेश को 5-2 गोल से हराकर SAFF U-20 फुटबॉल चैंपियनशिप खिताब का चौथा संस्करण जीता।

**नोट:** भारत ने लगातार दूसरी बार (2019 में पहला खिताब) यह चैंपियनशिप जीती। शीर्ष स्कोरर: भारतीय गुरकीरत सिंह (8 गोल), उन्होंने फाइनल में चार गोल किए। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी: भारतीय गुरकीरत सिंह

12. राष्ट्रमंडल खेल 2022 में जावेन चोंग तथा करेन लिन (मलेशियाई) को हराकर मिश्रित युगल टेबल टेनिस में स्वर्ण पदक **ए. शरत कमल और श्रीजा अकुला ने** जीता।

**नोट:** भारत के एल्डोस पॉल ने पुरुषों की ट्रिपल जंप में पहली बार स्वर्ण पदक जीता। मुक्केबाज, नीतू घंघास ने महिलाओं के 48 किग्रा वर्ग में स्वर्ण जीता। मुक्केबाज, अमित पंघाल ने 48-51 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण जीता। अविनाश साबले पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज़ में पदक (रजत) जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष बने।

13. **भारत** देश की महिला क्रिकेट टीम ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 के फाइनल में पांच बार की T20 चैंपियन ऑस्ट्रेलिया (स्वर्ण पदक) से 9 रन से हारने के बाद बर्मिंघम में रजत पदक जीता।

**नोट:** त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने बैडमिंटन युगल में कांस्य पदक जीता। अन्नू रानी ने महिला भाला फेंक में कांस्य पदक जीता। भारत के एल्डोस

पॉल तथा अब्दुल्ला अबूबकर ने पुरुषों के ट्रिपल जंप फाइनल में क्रमशः स्वर्ण तथा रजत जीता।

**14.** बैडमिंटन खिलाड़ी **पी.वी. सिंधु** ने कनाडा की मिशेल ली को 21-15, 21-13 से हराकर 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में महिला एकल में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता**।**

**नोट:** उन्होंने 2018 में गोल्ड कोस्ट में रजत तथा 2014 में ग्लासगो में कांस्य पदक जीता था। बैडमिंटन खिलाड़ी, लक्ष्य सेन ने भी पुरुष एकल में मलेशिया के एनजी त्जे योंग को हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने रजत जीता (ऑस्ट्रेलिया: स्वर्ण)। शरत कमल ने पुरुष एकल टेबल टेनिस में स्वर्ण जीता।

**15.** **उज्बेकिस्तान कि** पुरुष टीम ने चेन्नई, तमिलनाडु में संपन्न हुए शतरंज ओलंपियाड का 44वां संस्करण जीता**।**

**नोट:** भारत 'B' टीम (पुरुष) जिसमें डी. गुकेश, आर. प्रगानंनधा, रौनक साधवानी और अधिबान शामिल थे, ने जर्मनी को हराकर कांस्य पदक जीता। भारत 'A' टीम (महिला) जिसमें वैशाली तथा कोनेरू हम्फी, तानिया सचदेव और भक्ति कुलकर्णी शामिल थीं, ने कांस्य पदक जीता। आर्मेनिया ने पुरुष वर्ग में रजत पदक जीता।

**16.** **अमेरिका** कि सेरेना विलियम्स ने पेशेवर टेनिस से संन्यास की घोषणा की**।**

**नोट:** यूएस ओपन 2022 उनका विदाई टूर्नामेंट होगा। उन्हें महिला टेनिस संघ द्वारा 319 सप्ताह के लिए वर्ल्ड नंबर 1 एकल खिलाड़ी की जगह दी गई। उन्होंने 23 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीते, जो ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मार्गरेट कोर्ट (24) के बाद ओपन एरा के इतिहास में किसी भी खिलाड़ी द्वारा अब तक के दूसरे सर्वाधिक खिताब हैं। उन्होंने 1999 में अपना पहला ग्रैंड स्लैम, यूएस ओपन जीता।

**17.** 2021-22 सत्र के लिए सातवीं बार AIFF पुरुष फुटबॉलर ऑफ द ईयर **सुनील छेत्री को** चुना गया**।**

**नोट:** मनीषा कल्याण को 2021-22 सत्र के लिए AIFF महिला फुटबॉलर चुना गया। छेत्री तथा कल्याण को उनकी राष्ट्रीय टीम के कोच क्रमश: इगोर स्टिमैक तथा थॉमस डेनर्बी द्वारा विजेता नामित किया गया था।वह सक्रिय अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों में सर्वाधिक गोल करने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं।

**18.** वह भारतीय फेंसर जिसने लंदन में कॉमनवेल्थ फेंसिंग चैंपियनशिप 2022 में वूमन सीनियर इंडिविजुअल साबरे श्रेणी में स्वर्ण पदक **भारतीय फेंसर भवानी देवी ने** हासिल किया**।**

**नोट:** उन्होंने वेरोनिका (ऑस्ट्रेलिया) को हराया, जिन्हें इस स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भवानी देवी तमिलनाडु से हैं और ओलंपिक (टोक्यो 2020) के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय फेंसर थीं। फेंसिंग (तलवारबाजी) को राष्ट्रमंडल खेल संघ द्वारा एक खेल की मान्यता दी गई थी।

**19.** **शाकिब अल हसन**, को एशिया कप (एक त्रिकोणीय T-20 श्रृंखला) के लिए बांग्लादेशी क्रिकेट टीप का कप्तान चुना गया**।**

**नोट:** उन्हें पाकिस्तान तथा मेजबान न्यूजीलैंड की टीम के साथ अक्टूबर में शुरू होने वाली त्रिकोणीय T-20 श्रृंखला और ऑस्ट्रेलिया में विश्व कप 2022 के लिए भी कप्तान बनाया गया। यह फैसला T-20 मैचों में बांग्लादेश की टीम के खराब प्रदर्शन के बाद लिया गया। BCB ने एशिया कप के लिए 17 सदस्यीय टीम की भी घोषणा की।

**20.** पहले महिला IPL का आयोजन **मार्च 2023** में किया जाएगा।

**नोट:** यह एक महीने की अवधि में आयोजित किया जाएगा तथा इसमें पांच टीम होने की पूरी संभावना है। BCCI अधिकारियों ने यह भी कहा है कि दक्षिण अफ्रीका में महिला T20 विश्व कप के बाद टूर्नामेंट के लिए मार्च महीना मिला है।

**21.** **शिलांग, मेघालय** 30 अक्टूबर से 6 नवंबर तक नॉर्थ ईस्ट ओलंपिक के आगामी दूसरे संस्करण की मेजबानी करेगा।

**नोट:** खेलों का प्रथम संस्करण 2018 में मणिपुर में 12 खेल वर्ग के साथ आयोजित किया गया था। खेलों का यह संस्करण विशेष होगा क्योंकि मेघालय अपना 50वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस संस्करण में, आठ पूर्वोत्तर राज्यों के लगभग 4,000 प्रतिभागी शिलांग के 13 स्थानों पर 18 खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

**22.** वैश्विक फुटबॉल शासी संस्था फीफा ने **भारत** के फुटबॉल संघ को तृतीय पक्ष के अनुचित प्रभाव के कारण निलंबित कर दिया।

**नोट:** प्रभाव: भारत में होने वाला फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 2022, योजना के अनुसार अब भारत में आयोजित नहीं किया जा सकता है। AIFF कार्यकारी समिति की शक्तियां ग्रहण करने के लिए एक प्रशासक समिति गठित करने के आदेश के निरस्त होने के बाद निलंबन हटा लिया जाएगा।

**23.** दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय ओलंपिक संघ (IOA) के दैनिक कार्य-संचालन हेतु 3 सदस्यीय प्रशासक समिति (CoA) के गठन का आदेश पारित किया। समिति में **अभिनव बिंद्रा (निशानेबाज), अंजू बॉबी जॉर्ज (पूर्व लंबीकूद खिलाड़ी) और एल. बॉम्बेला देवी (तीरंदाज)** शामिल होंगे।

**नोट:** कार्यसूची: खेल संहिता तथा न्यायालय के फैसलों के अनुसार IOA का नया संविधान तैयार करना और नए चुनाव कराने के लिए मतदाता सूची तैयार करना।

**24.** **बेंगलुरु** 5 से 11 सितंबर तक FIBA U-18 महिला एशियाई बास्केटबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा।

**नोट:** अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता श्रीकांतीरावा इंडोर स्टेडियम तथा कोरमंगला इंडोर स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। जुलाई 2023 में स्पेन में होने वाली FIBA विश्व चैंपियनशिप हेतु क्वालीफाई करने के लिए डिवीजन A टीम चैंपियनशिप में डिवीजन B टीम के साथ प्रतिस्पर्धा करेगी।

**25.** UEFA महिला चैंपियंस लीग में खेलने वाली पहली भारतीय फुटबॉलर **मनीषा कल्याण।**

**नोट:** उन्होंने एंगोमी, साइप्रस में यूरोपीय क्लब प्रतियोगिता में अपोलॉन लेडीज़ एफसी की ओर से पदार्पण किया। वह मकारियो स्टेडियम में 60वें मिनट में साइप्रस की मारिलेना जॉर्जियो की स्थानापन्न खिलाड़ी बनीं। उन्हें हाल ही में 2021-22 सत्र के लिए AIFF महिला फुटबॉलर ऑफ द ईयर से सम्मानित किया गया था। कल्याण किसी विदेशी क्लब के लिए करार करने वाली गोकुलम केरला एफसी की दूसरी खिलाड़ी हैं।

**26.** **पहलवान अंतिम पंघाल**, सोफिया, बुल्गारिया में अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान।

**नोट:** उन्होंने 53 किग्रा वर्ग में कजाकिस्तान की एटलिन शागायेवा को हराया। वह हरियाणा के हिसार जिले के भगाना गांव से हैं। दो बार की U-17 विश्व चैंपियन, सोनम मलिक को 62 किग्रा वर्ग के फाइनल में नोनोका ओजाकी से हारने के बाद रजत प्राप्त हुआ। 65 किग्रा वर्ग में प्रियंका ने रजत पदक जीता था।

**27.** पैरालंपिक पदक विजेता सुमित अंतिल ने बेंगलुरु स्थित श्री कन्तीरावा स्टेडियम में चौथी इंडियन ओपन नेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2022 में **भाला फेंक** में नए विश्व रिकॉर्ड बनाए।

**नोट:** चक्का फेंक खिलाड़ी, योगेश कथुनिया ने भी नए विश्व रिकॉर्ड बनाए। योगेश कथुनिया ने चक्का फेंक (डिस्कस थ्रो) में 48.34 मीटर का रिकॉर्ड बनाया है। सुमित अंतिल ने टोक्यो 2020 पैरालंपिक खेलों में पुरुषों के भाला फेंक F64/44 फाइनल में स्वर्ण पदक जीता था।

**28.** भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम ने तेहरान में 14वीं एशियाई अंडर-18 चैंपियनशिप में **दक्षिण कोरिया** को 3-2 से हराकर कांस्य पदक जीता।

**नोट:** प्रारंभिक लीग चरण में, भारत ने कोरिया को हराया लेकिन सेमीफाइनल में ईरान से हार गया। भारतीय अंडर-18 टीम ने जापान, ईरान तथा दक्षिण कोरिया के साथ FIVB वर्ल्ड अंडर-19 मेन्स वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया।

फाइनल मैच में ईरान (रजत) को हराकर जापान ने स्वर्ण पदक जीता।

29. **भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन इरिगैसी** ने नौवें तथा अंतिम राउंड में स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो को 7.5 अंकों तथा 2893 की प्रदर्शन रेटिंग से हराकर 28वां अबू धाबी मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट जीता।

    **नोट:** भारत में हाल ही में संपन्न शतरंज ओलंपियाड के बाद उन्होंने 35 एलो रेटिंग प्वाइंट प्राप्त किए हैं। उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदरोव ने ईरान के एम. अमीन तबातबाई को हराकर अबू धाबी मास्टर्स में दूसरा स्थान हासिल किया।

30. टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने लुसाने डायमंड लीग में **89.08 मीटर** दूर भाला फेंककर भाला फेंक प्रतियोगिता जीती।

    **नोट:** वह प्रतिष्ठित डायमंड लीग मीट खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने। इस प्रकार उन्होंने डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई किया, जो 7 और 8 सितंबर को स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में होगा। उन्होंने 2023 विश्व चैंपियनशिप के लिए भी क्वालीफाई किया, जो बुडापेस्ट, हंगरी में आयोजित होगी।

31. विश्व जूडो कैडेट (U18) चैंपियनशिप में जूडो विश्व चैंपियनशिप में भारत का पहला स्वर्ण पदक **लिन्थोई चनंबम** ने हासिल किया।

    **नोट:** उन्होंने महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में ब्राजील की बियांका रीस को हराया। वह विश्व चैंपियनशिप के किसी भी आयु वर्ग में पदक जीतने वाली पहली भारतीय जुडोका बनीं। उन्होंने 2017 में सब-जूनियर नेशनल जूडो चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता था, तब से वह JSW के इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स जूडो कार्यक्रम में प्रशिक्षण ले रही है।

32. **विराट कोहली** तीनों प्रारूपों में 100 मैच खेलने वाला पहला भारतीय तथा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में दूसरा खिलाड़ी बन गया।

    **नोट:** अगस्त 2008 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद से अब तक कोहली ने 102 टेस्ट तथा 262 ODI मैचों के अलावा 100 T20I खेले हैं। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज, रॉस टेलर पहले खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 2006 और 2022 के बीच 112 टेस्ट, 236 ODI और 102 T20I खेले। रोहित छोटे प्रारूप में 132 मैच पहले ही खेल चुके हैं।

33. टोक्यो में थाईलैंड के कुन्लावुट वितिसार्न को हराकर अपना दूसरा BWF विश्व चैंपियनशिप पुरुष एकल खिताब **विक्टर एक्सेल्सन** ने जीता।

    **नोट:** महिला एकल खिताब पुन: जापान की अकाने यामागुची ने हासिल किया। उन्होंने फाइनल में चीन की ओलंपिक चैंपियन चेन युफेई को हराया। पुरुष युगल: आरोन चिया (मलेशिया); सोह वूई यिक (मलेशिया); महिला युगल: चेन किंगचेन (चीन); जिया यीफैन (चीन); मिश्रित युगल: झेंग सीफेई (चीन); हुआंग याकिओंग (चीन)

34. सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रशासक समिति (CoA) के शासनादेश को समाप्त करने के बाद **फीफा** ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) पर लगा प्रतिबंध हटा दिया।

    **नोट:** फीफा ने भारत के लिए अक्टूबर 2022 में महिला अंडर-17 विश्व कप की मेजबानी का रास्ता भी साफ कर दिया। फीफा ने 15 अगस्त को "तृतीय पक्ष से अनुचित प्रभाव" के चलते AIFF को निलंबित कर दिया था और इसके 11 दिन बाद निलंबन हटाया गया।

35. F1 बेल्जियम ग्रैंड प्रिक्स 2022 **मैक्स वेर्स्टाप्पेन** ने जीती।

    **नोट:** सर्जियो पेरेज़ (रेड बुल के ड्राइवर) और कार्लोस सैन्ज़ (फेरारी के ड्राइवर) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। मैक्स वेर्स्टाप्पेन ने इस सीज़न की 14 रेसों में से 9 रेस जीती हैं। जॉर्ज रसेल (मर्सिडीज के ड्राइवर) F1 बेल्जियम ग्रैंड प्रिक्स 2022 में चौथे स्थान पर रहे।

## पुस्तकें एवं लेखक

1. पुस्तक 'मैडम प्रेसिडेंट: ए बायोग्राफी ऑफ द्रौपदी मुर्मू' जो 2022 के अंत तक विमोचित की जाएगी, के लेखक **संदीप साहू** हैं।
   **नोट:** संदीप साहू भुवनेश्वर के वरिष्ठ पत्रकार हैं। पुस्तक का प्रकाशन पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया (PRHI) द्वारा किया जाएगा।
2. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), डॉ. जितेंद्र सिंह ने **सानिध्य शर्मा** द्वारा लिखित एक काव्य पुस्तक 'रस्टी स्काईज एंड गोल्डन विंड्स' का विमोचन किया ।
   **नोट:** वह जम्मू में कक्षा 7 के छात्र हैं। पुस्तक के प्रकाशक ब्लू-रोज पब्लिशर्स हैं।
3. "बीबी: माई स्टोरी" इजराइल के पूर्व प्रधान मंत्री **बेंजामिन नेतन्याहू** की आत्मकथा है।
   **नोट:** अंग्रेजी अनुवाद अमेरिकी प्रकाशक साइमन एंड शूस्टर द्वारा विमोचित किया जाएगा जबकि हिब्रू संस्करण शिबोलेट लाइब्रेरी द्वारा विमोचित किया जाएगा। वह इज़राइल के इतिहास में दीर्घकाल तक सेवा करने वाले नेता हैं (1996-1999; 2019 - 2021)। वह वर्तमान में नेशनल लिबरल मूवमेंट (लिकुड पार्टी) के अध्यक्ष हैं।
4. पूर्व उप-राष्ट्रपति, एम. वेंकैया नायडू ने **अरुण जेटली** की पुण्यतिथि (24 अगस्त) पर एक पुस्तक 'न्यू इंडिया - ए कंपाइलेशन ऑफ सिलेक्टेड आर्टिकल्स 2014-19' का विमोचन किया।
   **नोट:** अरुण जेटली ने 2014 से 2019 तक भारत सरकार के वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री के रूप में कार्य किया। उन्हें लोक कार्य के क्षेत्र में मरणोपरांत 2020 में पद्म विभूषण (भारत का दूसरा सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार) से सम्मानित किया गया।
5. पुस्तक "द हीरो ऑफ टाइगर हिल" **सूबेदार मेजर (मानद कैप्टन)** की आत्मकथा है।
   **नोट:** योगेंद्र सिंह यादव 1999 के कारगिल युद्ध में अपने कार्यों के लिए 19 वर्ष की आयु में सबसे युवा परमवीर चक्र पुरस्कार विजेता (भारत का सर्वोच्च वीरता पुरस्कार) हैं। यह पुस्तक सृष्टि पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित की गई थी। यह एक बहादुर सैनिक की सच्ची कहानी है जिसने कोई कसर नहीं छोड़ी और भारत के सम्मान के लिए बहादुरी से लड़ाई लड़ी।
6. एक नई पुस्तक "इंडियन बैंकिंग इन रेट्रोस्पेक्ट - 75 इयर्स ऑफ इंडिपेंडेंस" के लेखक **डॉ. आशुतोष राराविकर** हैं।
   **नोट:** वे भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के आर्थिक एवं नीति अनुसंधान विभाग (DEPR) के निदेशक हैं। पुस्तक का प्रकाशन अस्वाद प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया है। भारत के प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय ने पुस्तक की प्रस्तावना लिखी है।
7. स्वयं-सहायता संस्मरण, "फ्री फॉल: माई एक्सपेरिमेंट्स विद लिविंग" की लेखिका **मल्लिका साराभाई** है।
   **नोट:** पुस्तक "स्वयं अपने, अपने शरीर से समझौता करना और स्वयं के लिए काम करने वाली जीवन शैली को खोजना" से संबंधित है। यह स्पीकिंग टाइगर द्वारा प्रकाशित की गई है।
8. एक नई पुस्तक 'इंडियाज इकोनॉमी फ्रॉम नेहरू टू मोदी: ए ब्रीफ हिस्ट्री' के लेखक **पुलप्रे बालाकृष्णन** हैं।
   **नोट:** पुस्तक, 'इंडियाज इकोनॉमी फ्रॉम नेहरू टू मोदी: ए ब्रीफ हिस्ट्री' पंडित जवाहरलाल नेहरू के समय से लेकर वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समय तक भारत की आर्थिक प्रगति के बारे में लिखी गई है। स्वतंत्र भारतीय अर्थव्यवस्था का 75 वर्ष का लंबा सफर समाप्त हो रहा है।

## विज्ञान एवं रक्षा

1. वियतनाम-भारत द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास "Ex VINBAX 2022" का **तीसरा** संस्करण हरियाणा के चंडीमंदिर में शुरू हुआ, जो 20 अगस्त तक चलेगा।
   **नोट:** उद्देश्य: भारत तथा वियतनाम के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना। अभ्यास VINBAX-2022 का विषय: संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक कार्य दल के एक भाग के रूप में एक इंजीनियर कंपनी तथा एक चिकित्सीय दल की नियुक्ति तथा नियोजन।
2. भारतीय थलसेना और ओमान की रॉयल आर्मी के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास "अल नजाह-IV" भारत के **बीकानेर, राजस्थान** राज्य में शुरू हुआ।
   **नोट:** ओमान की रॉयल आर्मी की टुकड़ी में सुल्तान ऑफ ओमान पैराशूट रेजिमेंट के 60 सैनिक थे और भारतीय थलसेना का प्रतिनिधित्व 18 मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री बटालियन के सैनिकों ने किया।
3. भारत तेरह देशों के साथ रॉयल ऑस्ट्रेलियाई एयरफोर्स (RAAF), ऑस्ट्रेलिया द्वारा आयोजित **पिच ब्लैक** अभ्यास में भाग लेगा।
   **नोट:** यह हवाई अभ्यास 19 अगस्त से 6 सितंबर तक आयोजित होगा।सहभागी देश (17): ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, भारत, फ्रांस, जर्मनी, इंडोनेशिया, जापान, मलेशिया, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, फिलीपींस, कोरिया गणराज्य, सिंगापुर, थाईलैंड, UAE, UK और US।
4. कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की जीत के उपलक्ष्य में, कारगिल सेक्टर के द्रास में **प्वाइंट 5140** का नाम बदलकर 'गन हिल' किया गया ।
   **नोट:** तोपखाना रेजिमेंट, घातक तथा सटीक गोलाबारी के साथ, दुश्मन सैनिकों तथा उनकी प्रतिरक्षा को गंभीर रूप से प्रभावित करने में सक्षम थी। 26 जुलाई 1999 को भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन विजय' की सफलता की घोषणा की।
5. 14 से 31 अक्टूबर, 2022 तक भारत तथा अमेरिका के बीच महा सैन्य अभ्यास "युद्ध अभ्यास" का **18वां** संस्करण उत्तराखंड के औली में आयोजित किया जाएगा।
   **नोट:** उद्देश्य: दोनों सेनाओं के बीच समझ, सहकारिता तथा पारस्परिकता विकसित करना। अभ्यास का 17वां संस्करण अमेरिका के अलास्का में आयोजित किया गया था।
6. भारतीय थलसेना के साथ मिलकर **DRDO** संगठन ने मुख्य युद्धक टैंक (MBT) अर्जुन से स्वदेश में विकसित लेजर-गाइडेड एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल (ATGM) का सफल परीक्षण किया।
   **नोट:** मिसाइलों ने दो अलग-अलग रेंज में सटीकता के साथ लक्ष्य को सफलतापूर्वक निशाना बनाया। लेजर-गाइडेड ATGM एक्सप्लोसिव रिएक्टिव आर्मर संरक्षित बख्तरबंद वाहनों पर जीत के लिए एक अनुक्रमिक हाई एक्सप्लोसिव एंटी-टैंक (HEAT) वारहेड का उपयोग करती है। यह वर्तमान में MBT अर्जुन की 120 मिमी राइफल बंदूक से तकनीकी मूल्यांकन परीक्षण से गुजर रही है।
7. **INAS 314** की पांच महिला अधिकारियों ने डोर्नियर 228 विमान में सवार होकर उत्तरी अरब सागर के ऊपर पहला सर्व-महिला स्वतंत्र समुद्री टोही तथा निगरानी मिशन पूरा करके इतिहास रचा।
   **नोट:** INAS 314 पोरबंदर, गुजरात में एक अग्रिम पंक्ति की नेवल एयर स्क्वाड्रन है। पांच महिलाएं: लेफ्टिनेंट कमांडर आंचल शर्मा (मिशन कमांडर); लेफ्टिनेंट शिवांगी; लेफ्टिनेंट अपूर्वा गीते; लेफ्टिनेंट पूजा पांडा; सब लेफ्टिनेंट पूजा शेखावत
8. **दक्षिण कोरिया** ने फ्लोरिडा में केप कैनावेरल से अपना पहला चंद्र मिशन 'दानुरी' सफलतापूर्वक लॉन्च किया।
   **नोट:** इसे कोरिया पाथफाइंडर लूनर ऑर्बिटर के नाम से भी जाना जाता है। यह मिशन नासा तथा कोरिया एयरोस्पेस रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है। दक्षिण कोरिया ने 2030

तक अपने अंतरिक्ष यान को भी चंद्रमा पर उतारने की योजना बनाई है।

9. यूएस स्पेस फोर्स के स्पेस सिस्टम कमांड के लिए स्पेस बेस्ड इन्फ्रारेड सिस्टम जियोसिंक्रोनस अर्थ ऑर्बिट-6 (SBIRS GEO 6) मिशन ले जाने के लिए केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन के स्पेस लॉन्च कॉम्प्लेक्स-41 से यूनाइटेड लॉन्च एलायंस (ULA) द्वारा **एटलस V रॉकेट** सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया।

   **नोट:** SBIRS एक प्रारंभिक मिसाइल चेतावनी प्रणाली है जो डिफेंस सपोर्ट प्रोग्राम (1950 में प्रारंभ) की जगह लेगी। ULA लॉकहीड मार्टिन और बोइंग के बीच एक संयुक्त उद्यम है।

10. सह-यात्री उपग्रह **आजादी सैट को** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा पृथ्वी अवलोकन उपग्रह, EOS-02 के साथ लॉन्च किया गया, लेकिन क्रायोजेनिक चरण में तकनीकी अनियमितता के कारण विफल हो गया।

   **नोट:** यह तीन चरणों वाला यान है जिसमें सभी ठोस प्रणोदन चरण हैं। 'आजादी सैटेलाइट' को कश्मीर से कन्याकुमारी तक ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी स्कूलों की 750 छात्राओं द्वारा डिजाइन किया गया है।

11. **चीन** देश ने अपने लॉन्ग मार्च-2F कैरियर रॉकेट से एक प्रायोगिक रीयूज़ेबल स्पेसक्राफ्ट का सफल प्रक्षेपण किया।

   **नोट:** अज्ञात स्पेसक्राफ्ट, जिसे चीन के जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से लॉन्च किया गया था, तकनीकी प्रमाणीकरण प्रदान करने हेतु कुछ समय कक्षा में कार्य करने के बाद पुन: उपयोग के लिए एक नियोजित लैंडिंग स्थान पर वापस आ जाएगा। ऐसा ही एक मिशन चीन द्वारा 2020 में लॉन्च किया गया था। स्पेसक्राफ्ट कुछ समय कक्षा में कार्य करेगा और फिर चीन में नियत लैंडिंग स्थान पर वापस आ जाएगा।

12. **भारतीय थलसेना** ने अपने संपूर्ण उपग्रह-आधारित संचार नेटवर्क का परीक्षण करने तथा उसे प्रामाणिक बनाने के लिए एक अखिल भारतीय अभ्यास 'स्काईलाइट' आयोजित किया।

   **नोट:** कारण: भविष्य में संघर्ष की स्थिति में संक्रियात्मक तत्परता सुनिश्चित करना। इस अभ्यास में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह से लद्दाख तक, जहां भारत तथा चीन पिछले दो वर्षों से सैन्य गतिरोध में उलझे हुए हैं, सभी प्रकार के उपग्रह संचार शामिल थे।

13. **रूस** देश के सोयुज रॉकेट ने एक ईरानी उपग्रह 'खय्याम' को कक्षा में सफलतापूर्वक लॉन्च किया।

   **नोट:** इसे कजाकिस्तान में रूस द्वारा संचालित बैकोनूर प्रक्षेपण केंद्र से लॉन्च किया गया था। उपग्रह का नाम एक फारसी वैज्ञानिक उमर खय्याम के नाम पर रखा गया था, जो 11वीं तथा 12वीं शताब्दी में थे। हाई-रिजॉल्यूशन कैमरे से युक्त उपग्रह का उपयोग पर्यावरण निगरानी के लिए किया जाएगा और यह पूर्णतया इसके नियंत्रण में रहेगा।

14. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से क्रू एस्केप सिस्टम के LEM का सफल परीक्षण किया। LEM का पूरा नाम **लो एल्टीट्यूड एस्केप मोटर है।**

   **नोट:** उद्देश्य: मोटर बैलिस्टिक मापदंडों का मूल्यांकन; मोटर सबसिस्टम के कार्य-निष्पादन का मान्यीकरण। LEM एक विशिष्ट विशेष प्रयोजन ठोस रॉकेट मोटर है। इसमें चार रिवर्स फ्लो नोजल हैं। यह 5.98 सेकंड (नॉमिनल) के दहन काल के साथ 842 kN (नॉमिनल) का अधिकतम सी-लेवल थ्रस्ट उत्पन्न करता है।

15. भारत का पहला वर्चुअल अंतरिक्ष संग्रहालय **SPARK (स्पार्क) को** इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ द्वारा लॉन्च किया गया।

   **नोट:** इसका उद्देश्य विभिन्न इसरो मिशनों से संबंधित डिजिटल सामग्री को परस्पर अन्योन्य क्रियात्मक तरीके से प्रदर्शित करना। स्पार्क को इसरो की आधिकारिक वेबसाइट या https://spacepark.isro.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। वर्तमान में, अंतरिक्ष संगठन ने अपनी

वेबसाइट पर एप्लिकेशन, स्पार्क का बीटा संस्करण भी लॉन्च किया है।

16. भारत ने **बहरीन** देश के संयुक्त समुद्री बलों (CMF) के साथ आधिकारिक तौर पर काम करना शुरू किया।

**नोट:** उद्देश्य: पश्चिमी हिंद महासागर में क्षेत्रीय सुरक्षा में सहयोग को मजबूत करना। अप्रैल 2022 में भारत-अमेरिका 2+2 वार्ता में, भारत ने घोषणा की थी कि वह एक एसोसिएट पार्टनर के रूप में CMF में शामिल होगा। CMF 3.2 मिलियन वर्ग मील के अंतर्राष्ट्रीय जल क्षेत्र में सुरक्षा, स्थिरता तथा समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए एक बहु-राष्ट्रीय नौसैनिक साझेदारी (34 राष्ट्र समूह) है।

17. भारत-अमेरिका संयुक्त विशेष सैन्यबल अभ्यास "वज्र प्रहार 2022" का **13वां** संस्करण हिमाचल प्रदेश के बकलोह में शुरू हुआ।

**नोट:** उद्देश्य: सर्वोत्तम अभ्यास एवं अनुभवों को साझा करना तथा पारस्परिकता में सुधार करना। 12वां संस्करण अक्टूबर 2021 में ज्वाइंट बेस लुईस मैककॉर्ड, वाशिंगटन (अमेरिका) में आयोजित किया गया था। अभ्यास के दौरान, दोनों सेनाएं संयुक्त रूप से विशेष अभियान, आतंकवाद-रोधी अभियान तथा एयर बोर्न ऑपरेशन के लिए प्रशिक्षण करेंगे, योजना बनाएंगे और कार्यान्वयन करेंगे।

18. स्थल, जल तथा गृहभूमि सुरक्षा प्रणालियों पर भारत की प्रमुख प्रदर्शनी, डिफेंस एक्सपो के 12वें संस्करण का आयोजन **गांधीनगर, गुजरात** राज्य में किया जाएगा।

**नोट:** यह आयोजन 18 से 22 अक्टूबर, 2022 के बीच होगा। विषय: Path to Pride मुख्य उद्देश्य: सशस्त्र बलों, DPSU और उद्योग के उपकरण तथा कौशल समूह का प्रदर्शन करते हुए सजीव प्रदर्शन। यह प्रदर्शनी रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता तथा 2025 तक 5 बिलियन डॉलर का निर्यात हासिल करने के प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

19. भारतीय वायु सेना (IAF) के एक दल ने **रॉयल मलेशियाई वायु सेना (RMAF)** देश की वायु सेना के साथ एक द्विपक्षीय अभ्यास 'उदारशक्ति' में भाग लिया।

**नोट:** भारतीय वायु सेना Su-30 MKI तथा C-17 विमानों के साथ हवाई अभ्यास में भाग ले रही है जबकि RMAF Su 30 MKM विमान का प्रयोग करेगी। चार दिवसीय अभ्यास में दोनों वायु सेनाओं के बीच विभिन्न हवाई युद्धाभ्यास आयोजित किए जाएंगे।

20. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई हथियार प्रणालियां - F-INSAS, निपुण माइंस, LCA भारतीय सेना को सौंपीं। F-INSAS का पूरा नाम **फ्यूचर इन्फैंट्री सोल्जर एज़ ए सिस्टम** है।

**नोट:** F-INSAS) को सैनिकों को एक स्वत:पूर्ण लड़ाकू मशीन में बदलने के लिए बनाया गया है। निपुण माइंस: यह दुश्मन की पैदल सेना या टैंकों या आतंकवादी घुसपैठ के प्रयासों के विरुद्ध प्रथम रक्षा पंक्ति के रूप में कार्य करेगी। लैंडिंग क्राफ्ट असॉल्ट (LCA): यह सैन्यबलों को अधिक कुशलता से संघटित करने में सेना की मदद करता है।

21. भारतीय सेना तथा चीनी सेना **रूस** में आयोजित होने वाले वोस्तोक 2022 सैन्य अभ्यास में भाग लेंगी।

**नोट:** अन्य सहभागी: बेलारूस, मंगोलिया तथा ताजिकिस्तान। सामरिक कमान तथा स्टाफ अभ्यास रूस के चीफ ऑफ जनरल स्टाफ वालेरी गेरासिमोव की निगरानी में ईस्टर्न मिलेट्री डिस्ट्रिक्ट के 13 प्रशिक्षण मैदानों में आयोजित किया जाएगा। वर्ष 2021 में, भारत ने रूस में ZAPAD 2021 अभ्यास में भाग लिया था जिसमें चीन तथा पाकिस्तान सहित 17 देश शामिल हुए थे।

22. भारत तथा वियतनाम के बीच द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास VINBAX 2022 का **तीसरा** संस्करण चंडीमंदिर, हरियाणा में संपन्न हुआ।

**नोट:** अभ्यास VINBAX-2022 का विषय: यूनाइटेड नेशंस कंटिंजेंट फॉर पीसकीपिंग ऑपरेशन के तहत एक इंजीनियर कंपनी तथा एक चिकित्सीय दल का नियोजन तथा तैनाती। प्रमुख उद्देश्य: आपसी विश्वास तथा पारस्परिकता को मजबूत करना।

VINBAX का अगला संस्करण 2023 में वियतनाम में आयोजित किया जाएगा।

**23.** भारत तथा **ऑस्ट्रेलिया** की नौसेनाओं के बीच मैरीटाइम पार्टनरशिप एक्सरसाइज (MPX) सम्पन्न हुआ।
**नोट:** भारतीय नौसेना तथा रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना के बीच सबल नौसेना संपर्क तथा पारस्परिकता की पुष्टि करते हुए INS सुमेधा ने अभ्यास में HMAS अंजैक के साथ भाग लिया। MPX में हेलीकॉप्टरों की क्रॉस डेक लैंडिंग, सामरिक युद्धाभ्यास और फेयरवेल स्टीम पास्ट का अभ्यास हुआ। भारतीय नौसेना के INS सुमेधा को भारत के 76वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में रोका गया था।

**24.** दक्षिण कोरिया तथा **अमेरिका** ने अपना सबसे बड़ा संयुक्त सैन्य अभ्यास 'उल्ची फ्रीडम शील्ड' शुरू किया और यह 1 सितंबर को समाप्त होगा।
**नोट:** दक्षिण कोरिया ने अलग से चार दिवसीय उल्ची नागरिक सुरक्षा अभ्यास भी शुरू किया, जिसे सरकार की तत्परता बढ़ाने के लिए तैयार किया गया है। उद्देश्य: संयुक्त अभ्यास को सामान्य बनाना तथा उत्तर कोरिया के विरुद्ध निवारण को बढ़ावा देना। इस अभ्यास का उद्देश्य युद्ध के बदलते प्रतिरूप के अनुकूल बनने के लिए देश की तैयारियों में सुधार करना भी है।

**25.** आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी भारत के पहले स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत (IAC) विक्रांत को **2 सितंबर, 2022** जलावतरण करेंगे।
**नोट:** IAC विक्रांत के चार परीक्षण चरण 10 जुलाई 2022 को पूरे हो गए थे। IAC विक्रांत को भारतीय नौसेना के आंतरिक डायरेक्टरेट ऑफ नैवल डिजाइन (DND) द्वारा डिजाइन किया गया था तथा कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा बनाया गया था। IAC 262 मीटर लंबा, 62 मीटर चौड़ा तथा 59 मीटर ऊंचा है। IAC विक्रांत का निर्माण 2009 में शुरू हुआ था।

**26.** भारत ने ओडिशा तट से एकीकृत परीक्षण रेंज (ITR), चांदीपुर से VL-SRSAM का सफल परीक्षण किया। VL-SRSAM का पूरा नाम **वर्टिकल लॉन्च शॉर्ट रेंज सरफेस-टू-एयर मिसाइल** है।
**नोट:** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) तथा भारतीय नौसेना द्वारा मिसाइल का परीक्षण किया गया। इस मिसाइल में लगे स्वदेशी रेडियो फ्रीक्वेंसी (RF) सीकर ने उच्च सटीकता के साथ लक्ष्य को निशाना बनाया। मिसाइल प्रणाली को DRDO द्वारा स्वदेश में डिजाइन तथा विकसित किया गया है।

**27.** **भारतीय नौसेना** सशस्त्र बल को युद्धपोतों पर लगी AK-630 तोपों के लिए भारत में निर्मित पहली 30 मिमी तोप-गन प्राप्त हुई।
**नोट:** सत्यनारायण नुवाल (इकोनॉमिक एक्सप्लोसिव्स लिमिटेड के CMD) ने इसकी पहली खेप उप नौसेना प्रमुख वाइस एडमिरल एस.एन. घोरमड़े को सौंपी। यह उपलब्धि 12 महीने में हासिल हुई और इसके सभी कल-पुर्जे स्वदेशी हैं। यह पहली बार है कि सेनाओं ने भारतीय निजी उद्योग को गोला बारूद बंदूक के वितरण का ऑर्डर दिया है।

**28.** भारत तथा **तंजानिया** ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को बढ़ावा देने हेतु पांच वर्षीय दिशानिर्देश तैयार करने के लिए एक टास्क फोर्स गठित करने का फैसला किया।
**नोट:** यह निर्णय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा दौरे पर आईं उनकी तंजानिया की समकक्ष, स्टरगोमेना लॉरेंस टैक्स के बीच विस्तृत वार्ता के दौरान लिया गया। उद्देश्य: द्विपक्षीय रक्षा संबंधों के साथ-साथ सैन्य सहयोग को बढ़ाना। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने टैक्स को भारत-अफ्रीका रक्षा वार्ता तथा डेफएक्सपो के लिए भी आमंत्रित किया।

**29.** **भारतीय तटरक्षक बल (ICG)** ने चेन्नई, तमिलनाडु में 10वें राष्ट्रीय समुद्री खोज एवं बचाव अभ्यास SAREX-22 का समापन किया।
**नोट:** द्विवार्षिक अभ्यास के 10वें संस्करण का विषय “Capacity Building towards Marine Passenger Safety”. इस अभ्यास की समीक्षा भारतीय तटरक्षक प्रमुख वी.एस. पठानिया ने अन्य

एजेंसियों तथा विदेशी प्रतिभागियों के साथ की। दो दिवसीय अभ्यास नेशनल मैरीटाइम सर्च एंड रेस्क्यू बोर्ड (NMSARB) के तत्वावधान में आयोजित किया गया था।

--------------0--------------

BYJU'S EXAM PREP

# Features :

- Live Classes by Top Faculty
- Comprehensive Study Material
- Daily Study Plan
- Latest Pattern Test Series
- Complete Doubt Resolution
- Regular Assessments with Report Card




byjusexamprep.com